कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

# संकल्प-2022

(एक अभिनव पहल)

# प्रश्न बैंक

# गणित

# कक्षा – 12

बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन
हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित

## मुख्य संरक्षक

**कानाराम , IAS**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**एन्जिलिका पलात**
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, उदयपुर

**ओम प्रकाश आमेटा**
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
उदयपुर

## संरक्षक

**रमेश सीरवी पुनाड़िया, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
भीण्डर,उदयपुर

**श्रवण सिंह राठौड़, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर, उदयपुर

## मार्गदर्शन

**महेन्द्र कुमार जैन**
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक भीण्डर, उदयपुर

**भेरुलाल सालवी**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**रमेश खटीक**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**गिरिश चौबीसा**
संदर्भ व्यक्ति

**महेन्द्र कोठारी**
संदर्भ व्यक्ति

## संयोजक

सुनील कुमार जैन, व्याख्याता, राउमावि खेरोदा

## कार्यकारी दल

महिपाल सिंह चन्द्रावत, व्याख्याता, राउमावि वल्लभनगर
पूनम चोपड़ा, राउमावि कीकावास

CBEO BHINDER UDAIPUR

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

## परीक्षा 2022 के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम

### गणित MATHEMATICS

**विषय कोड(sub code)-15**

**कक्षा—12**

| इस विषय की परीक्षा योजना निम्नानुसार है— | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र | समय(घंटे) | प्रश्नपत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
| एकपत्र | 3:15 | 80 | 20 | 100 |

| इकाई का नाम | | अंक |
|---|---|---|
| 1. | सम्बन्ध तथा फलन RELATIONS AND FUNCTIONS | 11 |
| 2.. | बीज गणित ALGEBRA | 15 |
| 3.. | कलन CALCULUS | 34 |
| 4. | सदिश बीज गणित VECTORS ALGEBRA | 10 |
| 5. | प्रायिकता PROBABILITY | 10 |

**इकाई-1 सम्बन्ध तथा फलन RELATIONS AND FUNCTIONS**

**1.** सम्बन्ध तथा फलन — **5**

**Relations and Functions :**

**2.** प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन — **6**

**Inverse Trigonometric Functions**

**इकाई-2 बीज गणित ALGEBRA**

**3.** आव्यूह — **8**

**Matrices:**

**4.** सारणिक — **7**

**Determinants:**

**इकाई-3 कलन CALCULUS**

**5.सांतत्य तथा अवकलनीयता** — **11**

**Continuity and Differentiability:**

**6.** समाकलन — **14**

**Integrals:**

**7.** अवकल समीकरण **Differential Equations** — **9**

इकाई- 4

**8.सदिश VECTORS** — **10**

इकाई-5

**9.प्रायिकता PROBABILITY** — **10**

# अनुक्रमणिका


| कमांक | अध्याय नाम | पेजकमांक |
|---|---|---|
| 1 | सम्बंध तथाफलन | 5 –16 |
| 2 | प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन | 17 – 28 |
| 3 | आव्यूह | 29 – 46 |
| 4 | सारणिक | 47 – 59 |
| 5 | सांतत्य तथाअवकलनीयता | 60 – 66 |
| 6 | समाकलन | 67 – 80 |
| 7 | अवकलसमीकरण | 81 – 94 |
| 8 | सदिष | 95 – 102 |
| 9 | प्रायिकता | 103 – 113 |


CBEO BHINDER UDAIPUR

## अध्याय–1 संबंध तथाफलन

**1)** सिद्ध कीजिए कि वास्तविक संख्याओं के समुच्चय **R** में R = $\{(a, b) : a \leq b^2\}$, द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R, न तो स्वतुल्य है, न सममित है और न ही संक्रामक है।

**हल—** **R** = वास्तविक संख्याओं का समुच्चय

**R** = $\{(a, b) : a \leq b^2\}$, वास्तविक संख्याओं पर परिभाषित सम्बन्ध है।

(i) R स्वतुल्य नहीं है क्योंकि $\frac{1}{2} \nleq \left(\frac{1}{2}\right)^2$

$\Rightarrow \left(\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right) \notin R$

(ii) R सममित नहीं है क्योंकि यदि $a = 2, b = 5$

तब $2 \leq 5^2 \Rightarrow (2, 5) \in R$

लेकिन $5 \nleq 2^2 \Rightarrow (5, 2) \notin R$

अत: $(2, 5) \in R \Rightarrow (5, 2) \notin R$

(iii) R संक्रामक नहीं है। मान लीजिए $a = 2, b = -2$ और $c = -1$ तब $2 < (-2)^2, -2 < (-1)^2$ परन्तु $2 \nleq (-1)^2$

अत: $(2, -2), \in R, (-2, -1) \in R \Rightarrow (2, -1) \in R$

इस प्रकार R स्वतुल्य, सममित व संक्रामक में कोई भी नहीं है।

**2)** सिद्ध कीजिए कि **R** में R = $\{(a, b) : a \leq b\}$, द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किन्तु सममित नहीं है।

**हल—** **R** = वास्तविक संख्याओं का समुच्चय

R = $\{(a, b) : a \leq b\}$

(i) R स्वतुल्य है क्योंकि $a \leq a$ सत्य है क्योंकि $a = a, \forall a, \in R$

(ii) R सममित नहीं है। यदि $a$, $b$ से कम है तो $b$, $a$ से कम नहीं है।

(iii) R संक्रामक है। यदि $a \leq b, b \leq c \Rightarrow a \leq c, \forall a, b, c \in R$

$\Rightarrow$ R स्वतुल्य और संक्रामक है परन्तु सममित नहीं है।

**( इतिसिद्धम् )**

**3)** सिद्ध कीजिए कि समस्त त्रिभुजों के समुच्चय A में, R = $\{(T_1, T_2) : T_1, T_2$ के समरूप है$\}$ द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R एक तुल्यता सम्बन्ध है। भुजाओं 3, 4, 5 वाले समकोण त्रिभुज $T_1$, भुजाओं 5, 12, 13 वाले समकोण त्रिभुज $T_2$ तथा भुजाओं 6, 8, 10 वाले समकोण त्रिभुज $T_3$ पर विचार कीजिए। $T_1$, $T_2$ और $T_3$ में से कौनसे त्रिभुज परस्पर सम्बन्धित हैं?

**हल—** A = एक समतल में त्रिभुजों का समुच्चय

R = $(T_1, T_2) : T_1$ और $T_2$ समरूप त्रिभुज है$\}$

(i) R स्वतुल्य है। प्रत्येक त्रिभुज अपने समरूप है।

R सममित है। यदि त्रिभुज $T_1$ त्रिभुज $T_2$ के समरूप है तो त्रिभुज $T_2$ त्रिभुज $T_1$ के भी समरूप है।

R संक्रामक है। यदि त्रिभुज $T_1$, $T_2$ और त्रिभुज $T_2$, $T_3$ समरूप हैं तो त्रिभुज $T_1$, $T_3$ भी समरूप हैं।

$\Rightarrow$ R तुल्यता सम्बन्ध है।

(ii) त्रिभुज $T_1$ की भुजाएँ 3, 4, 5 हैं, त्रिभुज $T_2$ की भुजाएँ 5, 12, 13 हैं तथा त्रिभुज $T_3$ की भुजाएँ 6, 8, 10 हैं। त्रिभुज $T_1$ और $T_3$ की भुजाएँ समानुपाती हैं अर्थात्

$\frac{3}{6} = \frac{4}{8} = \frac{5}{10}$, इसलिए यह समरूप है।

$\Rightarrow$ त्रिभुज $T_1$ और $T_3$ आपस में सम्बन्धित हैं। **उत्तर**

**4)** मान लीजिए कि समुच्चय $\{1, 2, 3, 4\}$ में, $R = \{(1, 2), (2, 2), (1, 1), (4, 4), (1, 3), (3, 3), (3, 2)\}$ द्वारा परिभाषित सम्बन्ध R है। निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए :

(A) R स्वतुल्य तथा सममित है किन्तु संक्रामक नहीं है।

(B) R स्वतुल्य तथा संक्रामक है किन्तु सममित नहीं है।

(C) R सममित तथा संक्रामक है किन्तु स्वतुल्य नहीं है।

(D) R एक तुल्यता सम्बन्ध है।

**हल—** यहाँ पर $A = \{1, 2, 3, 4\}$

एवं $R = \{(1, 2), (2, 2), (1, 1), (4, 4), (1, 3), (3, 3), (3, 2)\}$

R स्वतुल्य एवं संक्रामक है, लेकिन सममित नहीं है क्योंकि $(1, 2) \in R$ परन्तु $(2, 1) \notin R$ अतः सही उत्तर B है।

**5)** सिद्ध कीजिए कि $f(x) = [x]$ द्वारा प्रदत्त महत्तम पूर्णांक फलन $f : R \to R$, न तो एकैकी है और न आच्छादक है, जहाँ $[x]$, $x$ से कम या उसके बराबर महत्तम पूर्णांक को निरूपित करता है।

**हल—** $f : R \to R$ जबकि $f(x) = [x]$ = महत्तम पूर्णांक फलन

$f(1.3) = 1, f(1.6) = 1$

$\therefore$ 1.3 और 1.6 का प्रतिबिम्ब एक ही है। इसलिए $f$ एकैकी नहीं है।

साथ ही प्रान्त $f$ में $x \in R$ का प्रतिबिम्ब एक पूर्णांक है। अतः सहप्रान्त का अवयव जो पूर्णांक न हो, वह प्रान्त के किसी भी अवयव का प्रतिबिम्ब नहीं है।

$\therefore f$ आच्छादक नहीं है।

$\Rightarrow f$ न ही एकैकी है और न ही आच्छादक है। **( इतिसिद्धम् )**

6. मान लीजिए कि $A = \{1, 2, 3\}$, $B = \{4, 5, 6, 7\}$ तथा $f = \{(1, 4), (2, 5), (3, 6)\}$ A से B तक एक फलन है। सिद्ध कीजिए कि $f$ एकैकी है।

हल— $A = \{1, 2, 3\}$, $B = \{4, 5, 6, 7\}$

$f : A \to B$ इस प्रकार है कि $f = \{(1, 4), (2, 5), (3, 6)\}$

A के भिन्न-भिन्न अवयवों के भिन्न-भिन्न प्रतिबिम्ब B में है।

$\therefore$ $f$ एकैकी है क्योंकि $f(1) = 4$, $f(2) = 5$, $f(3) = 6$ **उत्तर**

7) मान लीजिए कि $f : \{1, 3, 4\} \to \{1, 2, 5\}$ तथा $g : \{1, 2, 5\} \to \{1, 3\}$, $f = \{(1, 2), (3, 5), (4, 1)\}$ तथा $g = \{(1, 3), (2, 3), (5, 1)\}$ द्वारा प्रदत्त हैं। $gof$ ज्ञात कीजिए।

हल— $f : \{1, 3, 4\} \to \{1, 2, 5\}$, $g : \{1, 2, 5\} \to \{1, 3\}$

$$f = \{(1, 2), (3, 5), (4, 1)\},$$

$$g = \{(1, 3), (2, 3), (5, 1)\}$$

$\Rightarrow$ $f(1) = 2, f(3) = 5, f(4) = 1$

और $g(1) = 3, g(2) = 3, g(5) = 1$

$$gof(1) = g[f(1)] = g(2) = 3$$

$$gof(3) = g[f(3)] = g(5) = 1$$

$$gof(4) = g[f(4)] = g(1) = 3$$

$\Rightarrow$ $gof = \{(1, 3), (3, 1), (4, 3)\}$ **उत्तर**

8) *gof* तथा *fog* ज्ञात कीजिए, यदि

(i) $f(x) = |x|$ तथा $g(x) = |5x - 2|$

(ii) $f(x) = 8x^3$ तथा $g(x) = x^{\frac{1}{3}}$

हल— (i) $f(x) = |x|$ तथा $g(x) = |5x - 2|$

$$gof\ (x) = g[f(x)] = g\ (|x|) = |5|\ x\ |- 2 =$$

$$\begin{cases} |5x - 2|, \text{ यदि } x \geq 0 \\ |-5x - 2|, \text{ यदि } x < 0 \end{cases}$$

$$fog\ (x) = f\ [g(x)] = f\ (|5x - 2|)$$

$$= ||5x - 2|| = |5x - 2|\ [\because ||Z|| = |Z|]$$

(ii) $f(x) = 8x^3$ तथा $g(x) = x^{\frac{1}{3}}$

$$gof\ (x) = g\ [f(x)] = g\ (8x^3) = \left(8x^3\right)^{\frac{1}{3}} = 2x$$

$$fog\ (x) = f\ [g(x)]$$

$$= f\left(x^{\frac{1}{3}}\right) = 8.\left(x^{1/3}\right)^3 = 8x \text{ उत्तर}$$

**9)** मान लीजिए कि $f: X \to Y$ एक व्युत्क्रमणीय फलन है। सिद्ध कीजिए कि $f$ का प्रतिलोम फलन अद्वितीय (unique) है।

**हल—** $f: X \to Y$ तथा $f$ व्युत्क्रमणीय है।

$\therefore f$ एकैकी व आच्छादक है।

$$\Rightarrow \quad gof(x) = I_X \; fog(y) = I_Y$$

मान लीजिए कि $f$ के दो प्रतिलोम $g_1$ और $g_2$ हैं।

$$fog_1(y) = I_Y \; fog_2(y) = I_Y$$

$$\because \quad (fog_1)\ (y) = (fog_2)\ (y) = y$$

$$\Rightarrow \quad f\,[g_1\ (y)] = f\ (g_2\ (y)]$$

$\Rightarrow \quad g_1\ (y) = g_2\ (y)$ [$\because f$ एकैकी है।]

$$\Rightarrow \quad g_1 = g_2$$

$\therefore f$ का प्रतिलोम भी अद्वितीय है। **उत्तर**

**10)** यदि $f: R \to R$, $f(x) = (3-x^3)^{\frac{1}{3}}$, द्वारा प्रदत्त है, तो $fof(x)$ बराबर है—

(A) $x^{\frac{1}{3}}$

(B) $x^3$

(C) $x$

(D) $(3 - x^3)$

**हल—** $fof(x) = f[f(x)] = f\left[(3-x^3)^{\frac{1}{3}}\right] = \left[3-\left\{(3-x^3)^{\frac{1}{3}}\right\}^3\right]^{\frac{1}{3}}$

$= \left[3-(3-x^3)\right]^{\frac{1}{3}} = (x^3)^{\frac{1}{3}} = x$

अतः सही विकल्प (C) है।

**11)** समुच्चय $\{1, 2, 3, 4, 5\}$ में $a \wedge b =$ निम्नतम $\{a, b\}$ द्वारा परिभाषित द्विआधारी संक्रिया पर विचार कीजिए। संक्रिया ^ के लिए संक्रिया सारणी लिखिए।

**हल—** समुच्चय $\{1, 2, 3, 4, 5\}$ पर ^ संक्रिया $a \wedge b =$ निम्नतम $\{a, b\}$ द्वारा परिभाषित है।

अभीष्ट सारणी निम्नानुसार है :

$a \wedge b =$ निम्नतम $\{a, b\}$

$1 \wedge 1 =$ निम्नतम $\{1, 1\} = 1$

$4 \wedge 3 =$ निम्नतम $\{4, 3\} = 3$

इसी प्रकार $2 \wedge 1 =$ निम्नतम $\{2, 1\} = 1$

| ^ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 4 | 4 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

**12)** क्या समुच्चय $\{1, 2, 3, 4, 5\}$ में $a * b = a$ तथा $b$ का LCM द्वारा परिभाषित * एक द्विआधारी संक्रिया है? अपने उत्तर का औचित्य भी बतलाइए।

**हल—** माना कि समुच्चय $A = \{1, 2, 3, 4, 5\}$

* संक्रिया $a * b = a, b$ का L.C.M. एक द्विआधारी संक्रिया है।

अब $3 * 4 = 12$, $4 * 5 = 20$, $3 * 5 = 15$

12, 15, 20 समुच्चय A में नहीं है।

$\Rightarrow$ * द्विआधारी संक्रिया नहीं है। **उत्तर**

**13)** दो फलनों $f : N \to Z$ तथा $g : Z \to Z$ के उदाहरण दीजिए जो इस प्रकार हों कि, $gof$ एकैक है परन्तु $g$ एकैक नहीं है। (संकेत : $f(x) = x$ तथा $g(x) = |x|$ पर विचार कीजिये।)

**हल—** $f : N \to Z$ तथा $g : Z \to Z$ को परिभाषित किया है

$f(x) = -x,\ g(x) = |x|$ से

$g(x) = |x|, -1, 1$ दोनों का प्रतिबिम्ब 1 है।

$\therefore$ $g$ एकैकी नहीं है।

परन्तु $gof : N \to Z$ तथा

$$g(f(x)) = g(-x) = |-x| = |x|$$

$$\Rightarrow \quad g(f(x)) = |x| = x$$

$\therefore$ $gof$ एकैकी है। **उत्तर**

**14)** समुच्चय $\{1, 2, 3, \ldots\ldots, n\}$ से स्वयं तक के समस्त आच्छादक फलनों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**हल—** माना कि

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Y | 1 | 2 | 3 | ..... | $n$ |
| X | 1 | 2 | 3 | ..... | $n$ |

समुच्चय Y का प्रत्येक अवयव समुच्चय X के किसी न किसी अवयव का प्रतिबिम्ब है।

इस प्रकार X और Y के अवयवों में सम्बन्ध

$n(n-1)(n-2) \ldots\ldots 3 \,.\, 2 \,.\, 1 = n!$ तरीकों से हो सकता है।

अतः दिए गए समुच्चय से स्थल तक समस्त आच्छादक फलनों की संख्या = $\underline{|n}$ **उत्तर**

15. यदि $A = \{1, -1\}$ हो तो बताइये कि गुणन A पर एक द्विचर संक्रिया है या नहीं?

**हल–** दिये गये समुच्चय

$A = \{1, -1\}$

गुणन A पर द्विचर संक्रिया है क्योंकि

$1 \times 1 = 1 \in A$

$(1) \times (-1) = -1 \in A$

$(-1) \times (-1) = 1 \in A$

**16) जाँच कीजिए कि क्या R में,**

$$R = \{(a, b) : a \leq b^3\}$$

**द्वारा परिभाषित सम्बन्ध स्वतुल्य, सममित अथवा संक्रामक है ?**

**हल :** दिया हुआ सम्बन्ध,

$$R = \{(a, b) : a \leq b^3\},$$

जहाँ $a$ तथा $b$ वास्तविक संख्याएँ हैं।

**(i)** $\forall a \in R$

($R$ वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है)

$a \not\leq a^3$

$\therefore$ $a \not R a$

$\therefore$ $(a, a) \notin R$ $\therefore$ $R$ स्वतुल्य नहीं है।

उदाहरणार्थ, वास्तविक संख्या $\frac{1}{4}$ के लिए,

$$\frac{1}{4} \leq \left(\frac{1}{4}\right)^3$$

**17)** सिद्ध कीजिए कि समुच्चय,

$$A = \{x \in Z : 0 \le x \le 12\},$$

में दिए गए निम्नलिखित सम्बन्धों $R$ में से प्रत्येक एक तुल्यता सम्बन्ध है :

(i) $R = \{(a, b) : |a - b|$, 4 का एक गुणज है $\}$

(ii) $R = \{(a, b) : a = b\}$

प्रत्येक दशा में 1 से सम्बन्धित अवयवों को ज्ञात कीजिए।

**हल :** दिया गया समुच्चय

$$A = \{x \in Z : 0 \le x \le 12\}$$

या $A = \{0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12\}$

(i) $R = \{(a, b) : |a - b|$, 4 का एक गुणज है$\}$

अत: $R = \{(0, 0), (0, 4), (0, 8), (0, 12), (1, 1), (2, 2), (3, 3), (4, 4), (5, 5), (6, 6), (7, 7), (8, 8), (9, 9), (10, 10), (11, 11), (12, 12), (1, 5), (1, 9), (2, 6), (2, 10), (3, 7), (3, 11), (4, 8), (4, 12), (5, 9), (6, 10), (7, 11), (8, 12)\}$

(a) $R$ स्वतुल्य है, क्योंकि किसी $a \in A$ के लिए,

$|a - a| = 0$, जो कि 4 का गुणज है, क्योंकि $0 \times 4 = 0$

$\Rightarrow (a, a) \in R$

$\Rightarrow aRa$, सत्य है।

(b) $R$ सममित है, क्योंकि $a, b \in A$ के लिए,

$(a, b) \in R$

$\Rightarrow |a - b|$, 4 का एक गुणज है

$\Rightarrow |a - b| = 4k$, जहाँ $k$ एक प्राकृत संख्या है

$\Rightarrow |-(b - a)| = 4k$, जहाँ $k$ एक प्राकृत संख्या है

$\Rightarrow |b - a| = 4k$, जहाँ $k$ एक प्राकृत संख्या है

$\Rightarrow (b, a) \in R$

अत: $(a, b) \in R \Rightarrow (b, a) \in R$

या $aRb \Rightarrow bRa$

(c) $R$ संक्रामक है, क्योंकि $a, b, c \in A$ के लिए,

यदि $(a, b) \in R$ तथा $(b, c) \in R$

$\Rightarrow |a - b|$, 4 का एक गुणज है तथा $|b - c|$, 4 का एक गुणज है।

$\Rightarrow |a - b| = 4m$ तथा $|b - c| = 4n$,

जहाँ $m$ तथा $n$ प्राकृत संख्याएँ हैं।

$\Rightarrow a - b = \pm 4m$ तथा $b - c = \pm 4n$

$\Rightarrow a - b + b - c = \pm 4m + (\pm 4n)$

$\Rightarrow (a - c) = \pm 4m + (\pm 4n)$

$= \pm 4(m + n)$, 4 का गुणज है

$\Rightarrow |a - c| = 4k$, 4 का गुणज है

जहाँ $k = m + n$ तथा $k$ एक प्राकृत संख्या है।

$\Rightarrow (a, c) \in R$

अत: $(a, b) \in R, (b, c) \in R \Rightarrow (a, c) \in R$

या $aRb$ तथा $bRc \Rightarrow aRc$

हम देखते हैं कि सम्बन्ध $R$ दिए गए प्रतिबन्ध के अनुसार दिए गए समुच्चय में स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है।

अतः सम्बन्ध $R$, समुच्चय $A$ पर एक तुल्यता सम्बन्ध है।

पुनः माना $|1-x| \in R$ तब $|1-x|$, 4 का एक गुणज है।

$\Rightarrow \quad |1-x| = 0, 4, 8, 12 \in A$

$\Rightarrow$ जब $x = 1$, तब $|1-1| = 0$, जो 4 का गुणज है।

जब $x = 5$, तब $|1-5| = |-4| = 4$, जो 4 का गुणज है।

जब $x = 9$, तब $|1-9| = |-8| = 8$, जो 4 का गुणज है।

$\therefore \quad x = 1, 5, 9$

अतः समुच्चय $A$ के अवयव जो 1 से सम्बन्ध $R$ के द्वारा सम्बन्धित है, का समुच्चय $\{1, 5, 9\}$ है।

**(ii)** $R = \{(a, b) : a = b\}$

तथा $\quad A = \{0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12\}$

अतः $R = \{(0, 0), (1, 1), (2, 2), (3, 3), (4, 4), (5, 5), (6, 6), (7, 7), (8, 8), (9, 9), (10, 10), (11, 11), (12, 12)\}$

**(a)** $R$ स्वतुल्य है, क्योंकि

$$a = a \Rightarrow (a, a) \in R$$

या $\quad aRa$, सत्य है।

**(b)** $R$ सममित है, क्योंकि $a, b \in A$ के लिए,

यदि $\quad (a, b) \in R \Rightarrow a = b$

$\Rightarrow b = a$

$\Rightarrow (b, a) \in R$

अतः $\quad (a, b) \in R \Rightarrow (b, a) \in R$, सत्य है

या $\quad aRb \Rightarrow bRa$, सत्य है।

**(c)** $R$ संक्रामक है, क्योंकि $a, b, c \in A$ के लिए

$(a, b) \in R$ तथा $(b, c) \in R$

$\Rightarrow a = b$ तथा $b = c$

$\Rightarrow a = b = c$

$\Rightarrow a = c$

$\Rightarrow (a, c) \in R$

अतः $(a, b) \in R$ तथा $(b, c) \in R$

$\Rightarrow (a, c) \in R$, सत्य है

या $\quad aRb$ तथा $bRc \Rightarrow aRc$, सत्य है।

हम देखते हैं कि सम्बन्ध $R$, दिए गए समुच्चय $A$ में प्रतिबन्ध के अनुसार, स्वतुल्य, सममित तथा संक्रामक है। अतः $R$, समुच्चय $A$ पर एक तुल्यता सम्बन्ध है।

पुनः 1 से सम्बन्धित समुच्चय (प्रतिबन्ध के अनुसार) $\{1\}$ है।

**इति सिद्धम्।**

**18) मान लीजिए $XY$-तल में स्थित समस्त रेखाओं का समुच्चय $L$ है और $L$ में, $R = \{(L_1, L_2) : L_1$ समान्तर है $L_2$ के $\}$ द्वारा परिभाषित सम्बन्ध $R$ है। सिद्ध कीजिए कि $R$ एक तुल्यता सम्बन्ध है। रेखा $y = 2x + 4$ से सम्बन्धित समस्त रेखाओं का समुच्चय ज्ञात कीजिए।**

**हल :** प्रश्नानुसार,

समुच्चय $L = XY$-तल में समस्त रेखाओं का समुच्चय

या $L = \{x : x, XY$-तल में एक रेखा है$\}$

$R$, समुच्चय $L$ पर परिभाषित एक सम्बन्ध इस प्रकार है कि

$$R = \{(L_1, L_2) : L_1 \text{ समान्तर है } L_2 \text{ के}\}$$

जहाँ $L_1, L_2 \in L$

**(i)** $R$ स्वतुल्य है, क्योंकि प्रत्येक रेखा स्वयं के समान्तर होती है अर्थात् $L_1 \parallel L_1$ सत्य है।

या $L_1RL_1$ या $(L_1, L_1) \in R.$

**(ii)** $R$ सममित है, क्योंकि यदि रेखा $L_1$, रेखा $L_2$ के समान्तर है तो रेखा $L_2$, रेखा $L_1$ के समान्तर होगी

अर्थात् $L_1 \parallel L_2 \Rightarrow L_2 \parallel L_1$

या $L_1RL_2 \Rightarrow L_2RL_1$

या $(L_1, L_2) \in R \Rightarrow (L_2, L_1) \in R.$

**(iii)** $R$ संक्रामक है, क्योंकि यदि रेखा $L_1$, रेखा $L_2$ के समान्तर है तथा रेखा $L_2$, रेखा $L_3$ के समान्तर है, तो रेखा $L_1$, रेखा $L_3$ के समान्तर होगी अर्थात्

$L_1 \parallel L_2, L_2 \parallel L_3 \Rightarrow L_1 \parallel L_3; L_1, L_2, L_3 \in L$

या $(L_1, L_2) \in R, (L_2, L_3) \in R \Rightarrow (L_1, L_3) \in R$

या $L_1RL_2, L_2RL_3 \Rightarrow L_1RL_3$

हम देखते हैं कि सम्बन्ध $R$, समुच्चय $L$ पर स्वतुल्य, सममित तथा संक्रमक है। अत: $R$, समुच्चय $L$ पर तुल्यता सम्बन्ध है।

पुन: रेखा $y = 2x + 4$ की ढाल (प्रवणता) (slope) 2 है। अत: रेखा $y = 2x + 4$ से सम्बन्धित सभी रेखाओं का समुच्चय वे रेखाएँ होंगी जिनकी ढाल (प्रवणता) (slope) 2 होगी। इस प्रकार $y = 2x + 4$ से सम्बन्धित रेखाओं का समुच्चय $y = 2x + k$ है, जहाँ $k$ कोई भी स्वेच्छ अचर है।

## अध्याय–2 प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन

**1)** $\tan^{-1}\left(-\sqrt{3}\right)$

**हल—** माना कि $\tan^{-1}\left(-\sqrt{3}\right) = y$

$\therefore \quad \tan y = -\sqrt{3} = -\tan\frac{\pi}{3}$

$= \tan\left(-\frac{\pi}{3}\right)$

$\because$ मुख्य मान शाखा का परिसर $= \left(-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right)$

$\therefore \tan^{-1}\left(-\sqrt{3}\right) = -\frac{\pi}{3}$ उत्तर

**2)** $\sec^{-1}\left(\frac{2}{\sqrt{3}}\right)$

**हल—** मान लिया $\sec^{-1}\left(\frac{2}{\sqrt{3}}\right) = y$

$\therefore \quad \sec y = \frac{2}{\sqrt{3}} = \sec\left(\frac{\pi}{6}\right)$

$\because \sec^{-1} x$ के मुख्य मान शाखा का परिसर $= [0, \pi] - \left\{\frac{\pi}{2}\right\}$ है।

$\therefore \quad \sec^{-1}\left(\frac{2}{\sqrt{3}}\right) = \frac{\pi}{6}$ उत्तर

**3)** यदि $\sin^{-1} x = y$, तो

(A) $0 \le y \le \pi$ (B) $-\frac{\pi}{2} \le y \le \frac{\pi}{2}$

(C) $0 < y < \pi$ (D) $-\frac{\pi}{2} < y < \frac{\pi}{2}$

उत्तर– (B)

हल– $\sin^{-1} x = y$

$\sin^{-1} x$ के मुख्य मान का परिसर $\left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$ होता है।

अत: $y \in \left[-\frac{\pi}{2}, \frac{\pi}{2}\right]$

या $-\frac{\pi}{2} \le y \le \frac{\pi}{2}$

अत: सही विकल्प (B) है।

**4)** $\tan^{-1}\sqrt{3} - \sec^{-1}(-2)$ का मान बराबर है—

(A) $\pi$ (B) $-\frac{\pi}{3}$ (C) $\frac{\pi}{3}$ (D) $\frac{2\pi}{3}$

उत्तर– (B)

हल– $\tan^{-1}\sqrt{3} - \sec^{-1}(-2)$

माना $\tan^{-1}\sqrt{3} = \theta_1$ एवं $\sec^{-1}(-2) = \theta_2$

$\Rightarrow \tan\theta_1 = \sqrt{3}$ एवं $\sec\theta_2 = -2 \Rightarrow \sec\theta_2 = -\sec\frac{\pi}{3}$

$\therefore \tan\theta_1 = \sqrt{3} = \tan\frac{\pi}{3}$ एवं $\sec\theta_2 = \sec\left(\pi - \frac{\pi}{3}\right)$

$= \sec\left(\frac{2\pi}{3}\right)$

$\therefore \theta_1 = \frac{\pi}{3}$ एवं $\theta_2 = \frac{2\pi}{3}$

अत: $\tan^{-1}\sqrt{3} - \sec^{-1}(-2) = \frac{\pi}{3} - \frac{2\pi}{3} = \frac{-\pi}{3}$

अत: सही विकल्प (B) है।

निम्नलिखित को सिद्ध कीजिए :

5) $3 \sin^{-1} x = \sin^{-1} (3x - 4x^3), x \in \left[-\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right]$

**हल—** माना कि $x = \sin\theta \Rightarrow \theta = \sin^{-1} x$

दायाँ पक्ष $= \sin^{-1} (3x - 4x^3)$

$= \sin^{-1} (3 \sin\theta - 4 \sin^3 \theta)$

$= \sin^{-1} (\sin 3\theta) = 3\theta = 3 \sin^{-1} x$

अत: $3 \sin^{-1} x = \sin^{-1} (3x - 4x^3)$ ( **इतिसिद्धम्** )

---

**6.** $\tan^{-1} \frac{1}{\sqrt{x^2 - 1}}, |x| > 1$

**हल—** माना कि $y = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{x^2 - 1}}\right)$

माना $x = \sec\theta \Rightarrow \theta = \sec^{-1} x$

तब $y = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{\sec^2\theta - 1}}\right) = \tan^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{\tan^2\theta}}\right)$

$= \tan^{-1}\left(\frac{1}{\tan\theta}\right) = \tan^{-1} (\cot\theta)$

$= \tan^{-1}\left[\tan\left(\frac{\pi}{2} - \theta\right)\right] = \frac{\pi}{2} - \theta$

)

$= \frac{\pi}{2} - \sec^{-1} x$ **उत्तर**

7. $\tan^{-1}\left(\tan\frac{3\pi}{4}\right)$

हल— $\tan^{-1}\left(\tan\frac{3\pi}{4}\right)$, $\tan^{-1}$ की मुख्य मान शाखा $\left(-\frac{\pi}{2},\frac{\pi}{2}\right)$ है

$$= \tan^{-1}\left[\tan\left(\pi - \frac{\pi}{4}\right)\right]$$

$$= \tan^{-1}\left(-\tan\frac{\pi}{4}\right)$$

$$= -\tan^{-1}\left[\tan\left(\frac{\pi}{4}\right)\right] = -\frac{\pi}{4}$$ उत्तर

8) $\cos^{-1}\left(\cos\frac{7\pi}{6}\right)$ का मान बराबर है—

(A) $\frac{7\pi}{6}$ (B) $\frac{5\pi}{6}$

(C) $\frac{\pi}{3}$ (D) $\frac{\pi}{6}$

उत्तर–(B.)

हल— $\cos^{-1}\left(\cos\frac{7\pi}{6}\right)$

$\because$ फलन $\cos^{-1} x$ का मान $[0, \pi]$ में होना चाहिए

यहाँ पर $\frac{7\pi}{6} \notin [0, \pi]$

$\therefore \quad \cos^{-1}\left(\cos\frac{7\pi}{6}\right) = \cos^{-1}\left(\cos\left(2\pi - \frac{5\pi}{6}\right)\right)$

$\Rightarrow \quad \cos^{-1}\left(\cos\frac{5\pi}{6}\right) = \frac{5\pi}{6} \in [0, \pi]$

अतः सही विकल्प (B) है।

9) $\sin(\tan^{-1} x)$, $|x| < 1$ बराबर होता है :

(A) $\dfrac{x}{\sqrt{1-x^2}}$  (B) $\dfrac{1}{\sqrt{1-x^2}}$

(C) $\dfrac{1}{\sqrt{1+x^2}}$  (D) $\dfrac{x}{\sqrt{1+x^2}}$

उत्तर— (D)

हल– $\sin(\tan^{-1} x)$, $|x| < 1$

माना $\tan^{-1} x = \theta \therefore x = \tan\theta$




$$\tan\theta = \frac{x}{1}$$

$$\therefore \sin\theta = \frac{x}{\sqrt{1+x^2}} \Rightarrow \sin(\tan^{-1} x) = \frac{x}{\sqrt{1+x^2}}$$

अतः सही विकल्प (D) है।

10) $\sin[\tan^{-1}\alpha + \cot^{-1}\alpha]$ का मान है–

(A) 1  (B) $\infty$

(C) 0  (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर– (A)

हल– हम जानते हैं $\tan^{-1}\alpha + \cot^{-1}\alpha = \dfrac{\pi}{2}$

$$\therefore \quad \sin\frac{\pi}{2} = 1$$

अतः सही विकल्प (A) है।

11. $\tan^{-1} 1 + \tan^{-1} 2$ का मान है–

(A) $\tan^{-1}\frac{1}{3}$ (B) $\tan^{-1} 3$

(C) $+ \tan^{-1}\frac{1}{3}$ (D) $- \tan^{-1} 3$

उत्तर– (D)

हल– $\tan^{-1} 1 + \tan^{-1} 2$

$$\Rightarrow \tan^{-1}\left(\frac{1+2}{1-1.2}\right) = \tan^{-1}\left(\frac{3}{1-2}\right) = \tan^{-1}\left(\frac{3}{-1}\right)$$

$$\Rightarrow \tan^{-1}(-3) = -\tan^{-1} 3$$

अतः सही विकल्प (D) है।

12) $\cos\left[\left(\frac{\pi}{2}\right)+\sin^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)\right]$ का मान लिखिये।

हल– माना $\sin^{-1}\frac{1}{3} = \theta$

$$\therefore \cos\left(\frac{\pi}{2}+\theta\right) = -\sin\theta = -\sin\left(\sin^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)\right)$$

$$= -\left(\frac{1}{3}\right) = -\frac{1}{3}$$ उत्तर

**13)** $\tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right), 0 < x < \pi$

**हल—** माना कि $y = \tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right)$

हम जानते हैं कि $\cos 2A = 2\cos^2 A - 1 = 1 - 2\sin^2 A$

या $1 + \cos 2A = 2\cos^2 A, 1 - \cos 2A = 2\sin^2 A$

$A = \frac{x}{2}$ रखने पर

$$1 + \cos x = 2\cos^2\frac{x}{2}, 1 - \cos x = 2\sin^2\frac{x}{2}$$

$$\therefore \quad y = \tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right)$$

$$= \tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{2\sin^2\frac{x}{2}}{2\cos^2\frac{x}{2}}}\right)$$

$$= \tan^{-1}\left(\sqrt{\tan^2\frac{x}{2}}\right)$$

$$= \tan^{-1}\left(\tan\frac{x}{2}\right) = \frac{x}{2}$$

अत: $\tan^{-1}\left(\sqrt{\frac{1-\cos x}{1+\cos x}}\right) = \frac{x}{2}, x < \pi$ उत्तर

**14)** $\tan^{-1}\left(\frac{\cos x - \sin x}{\cos x + \sin x}\right), \frac{-\pi}{4} < x < \frac{3\pi}{4}$

**हल—** माना कि $$y = \tan^{-1}\left(\frac{\cos x - \sin x}{\cos x + \sin x}\right)$$

अंश व हर को $\cos x$ से भाग देने पर

$$y = \tan^{-1}\left(\frac{\frac{\cos x}{\cos x} - \frac{\sin x}{\cos x}}{\frac{\cos x}{\cos x} + \frac{\sin x}{\cos x}}\right)$$

$$= \tan^{-1}\left(\frac{1 - \tan x}{1 + \tan x}\right)$$

अब $$\tan\left(\frac{\pi}{4} - x\right) = \frac{\tan\frac{\pi}{4} - \tan x}{1 + \tan\frac{\pi}{4}\tan x} = \frac{1 - \tan x}{1 + \tan x}$$

$\therefore$ $$y = \tan^{-1}\left(\frac{1 - \tan x}{1 + \tan x}\right)$$

$$= \tan^{-1}\left(\tan\left(\frac{\pi}{4} - x\right)\right)$$

$$\Rightarrow \tan^{-1}\left(\frac{\cos x - \sin x}{\cos x + \sin x}\right) = \frac{\pi}{4} - x$$ उत्तर

**15.** यदि $\tan^{-1}\frac{x-1}{x-2} + \tan^{-1}\frac{x+1}{x+2} = \frac{\pi}{4}$, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल—** दिया है $\tan^{-1}\frac{x-1}{x-2} + \tan^{-1}\frac{x+1}{x+2} = \frac{\pi}{4}$ .... (1)

$$\text{बायाँ पक्ष} = \tan^{-1}\frac{x-1}{x-2} + \tan^{-1}\frac{x+1}{x+2}$$

$$= \tan^{-1}\left[\frac{\frac{x-1}{x-2}+\frac{x+1}{x+2}}{1-\frac{x-1}{x-2}\cdot\frac{x+1}{x+2}}\right]$$

$$\left\{\because \tan^{-1}A + \tan^{-1}B = \tan^{-1}\left[\frac{A+B}{1-AB}\right]\right\}$$

$$= \tan^{-1}\left[\frac{\frac{(x-1)(x+2)+(x+1)(x-2)}{(x-2)(x+2)}}{\frac{(x-2)(x+2)-(x-1)(x+1)}{(x-2)(x+2)}}\right]$$

$$= \tan^{-1}\left[\frac{(x-1)(x+2)+(x+1)(x-2)}{(x-2)(x+2)-(x-1)(x+1)}\right]$$

$$= \tan^{-1}\left[\frac{x^2+x-2+x^2-x-2}{x^2-4-(x^2-1)}\right]$$

$$= \tan^{-1}\left(\frac{2x^2-4}{-3}\right)$$

(1) में यह मान रखने पर

$$\tan^{-1}\left(\frac{2x^2-4}{-3}\right) = \frac{\pi}{4} \Rightarrow \tan\frac{\pi}{4} = \frac{2x^2-4}{-3}$$

$$\Rightarrow \frac{2x^2-4}{-3} = 1 \Rightarrow 2x^2 - 4 = -3$$

$$\Rightarrow 2x^2 = 1 \qquad x = \pm\frac{1}{\sqrt{2}}$$ उत्तर

**16)** $\cos^{-1}\frac{4}{5} + \cos^{-1}\frac{12}{13} = \cos^{-1}\frac{33}{65}$

**हल—** माना कि $\alpha = \cos^{-1}\frac{4}{5} \therefore \cos\alpha = \frac{4}{5}$

$$\therefore \quad \sin\alpha = \sqrt{1-\cos^2\alpha} = \sqrt{1-\frac{16}{25}}$$

$$= \sqrt{\frac{9}{25}} = \frac{3}{5}$$

$$\beta = \cos^{-1}\frac{12}{13} \quad \therefore \cos\beta = \frac{12}{13}$$

$$\sin\beta = \sqrt{1-\left(\frac{12}{13}\right)^2} = \frac{5}{13}$$

$$\cos(\alpha+\beta) = \cos\alpha\cos\beta - \sin\alpha\sin\beta$$

$$= \frac{4}{5} \times \frac{12}{13} - \frac{3}{5} \times \frac{5}{13}$$

$$= \frac{48-15}{65} = \frac{33}{65}$$

$$\Rightarrow \quad \alpha + \beta = \cos^{-1}\left(\frac{33}{65}\right)$$

$$\Rightarrow \cos^{-1}\left(\frac{4}{5}\right) + \cos^{-1}\left(\frac{12}{13}\right) = \cos^{-1}\left(\frac{33}{65}\right)$$ ( इतिसिद्धम् )

**17)** $\tan^{-1}\frac{63}{16} = \sin^{-1}\frac{5}{13} + \cos^{-1}\frac{3}{5}$

**हल—** माना कि $\alpha = \sin^{-1}\frac{5}{13} \therefore \sin\alpha = \frac{5}{13}$

$$\tan\alpha = \frac{\sin\alpha}{\sqrt{1-\sin^2\alpha}} = \frac{\frac{5}{13}}{\sqrt{1-\frac{25}{169}}} = \frac{5}{13} \times \frac{13}{12}$$

$$= \frac{5}{12}$$

और $\beta = \cos^{-1}\frac{3}{5} \therefore \cos\beta = \frac{3}{5}$,

- $\sin\beta = \sqrt{1-\cos^2\beta}$

$$\sin\beta = \sqrt{1-\frac{9}{25}} = \sqrt{\frac{16}{25}} = \frac{4}{5}$$

$$\tan\beta = \frac{\sin\beta}{\cos\beta} = \frac{4}{5} \times \frac{5}{3} = \frac{4}{3}$$

$$\tan(\alpha+\beta) = \frac{\tan\alpha + \tan\beta}{1-\tan\alpha\tan\beta} = \frac{\frac{5}{12}+\frac{4}{3}}{1-\frac{5}{12}\times\frac{4}{3}}$$

$$= \frac{15+48}{36-20} = \frac{63}{16}$$

$$\Rightarrow \alpha + \beta = \tan^{-1}\left(\frac{63}{16}\right)$$

$$\Rightarrow \sin^{-1}\left(\frac{5}{13}\right) + \cos^{-1}\left(\frac{3}{5}\right) = \tan^{-1}\left(\frac{63}{16}\right)$$ (इतिसिद्धम्)

18) . $\tan^{-1}\frac{1-x}{1+x} = \frac{1}{2}\tan^{-1}x, (x > 0)$

[CBSE 2008]

हल : माना, $x = \tan\theta$

तब $\tan^{-1}\left(\frac{1-x}{1+x}\right) = \frac{1}{2}\tan^{-1}x$

$\Rightarrow \tan^{-1}\left(\frac{1-\tan\theta}{1+\tan\theta}\right) = \frac{1}{2}\tan^{-1}(\tan\theta)$

$\Rightarrow \tan^{-1}\left(\frac{1-\tan\theta}{1+\tan\theta}\right) = \frac{1}{2}\theta$

$\Rightarrow \tan^{-1}\left(\frac{\tan\frac{\pi}{4}-\tan\theta}{1+\tan\frac{\pi}{4}\tan\theta}\right) = \frac{1}{2}\theta$

$\left[\because \tan\left(\frac{\pi}{4}-\theta\right) = \frac{\tan\frac{\pi}{4}-\tan\theta}{1+\tan\frac{\pi}{4}\tan\theta}\right]$

$\Rightarrow \tan^{-1}\left[\tan\left(\frac{\pi}{4}-\theta\right)\right] = \frac{1}{2}\theta$

$\Rightarrow \frac{\pi}{4}-\theta = \frac{1}{2}\theta$

$\Rightarrow \frac{\pi}{4} = \frac{1}{2}\theta + \theta$

$\Rightarrow \frac{\pi}{4} = \frac{3\theta}{2}$

$\Rightarrow \frac{\pi}{2} = 3\theta$

$\Rightarrow \theta = \frac{\pi}{6}$

$\Rightarrow \tan^{-1}x = \frac{\pi}{6}$

$\Rightarrow x = \tan\frac{\pi}{6}$

$\Rightarrow x = \frac{1}{\sqrt{3}}$

**1.** आव्यूह $A = \begin{bmatrix} 2 & 5 & 19 & -7 \\ 35 & -2 & \frac{5}{2} & 12 \\ \sqrt{3} & 1 & -5 & 17 \end{bmatrix}$ के लिए ज्ञात कीजिए :

(i) आव्यूह की कोटि (ii) अवयवों की संख्या

(iii) अवयव $a_{13}, a_{21}, a_{33}, a_{24}, a_{23}$.

**हल—** (i) आव्यूह की कोटि $3 \times 4$

(ii) अवयवों की संख्या $= 3 \times 4 = 12$

(iii) $a_{13} = 19, a_{21} = 35, a_{33} = -5, a_{24} = 12, a_{23} = \frac{5}{2}$.

**2)** समीकरण $\begin{bmatrix} a-b & 2a+c \\ 2a-b & 3c+d \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 & 5 \\ 0 & 13 \end{bmatrix}$ से $a, b, c$ तथा $d$ के मान ज्ञात कीजिए।

**हल—** संगत अवयवों को समान मानते हुए

$$\begin{bmatrix} a-b & 2a+c \\ 2a-b & 3c+d \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 & 5 \\ 0 & 13 \end{bmatrix}$$

$$a - b = -1, \quad \text{.... (1)}$$
$$2a - b = 0, \quad \text{.... (2)}$$
$$2a + c = 5, \quad \text{.... (3)}$$
$$3c + d = 13 \quad \text{.... (4)}$$

(2) में से (1) को घटाने पर $a = 1$

(2) से $b = 2$

$a$ का मान (3) में रखने पर

$$2 + c = 5 \therefore c = 3$$

$c$ का मान (4) में रखने पर $3 \times 3 + d = 13$,

$\therefore$ $d = 13 - 9 = 4$

$\Rightarrow$ $a = 1, \quad b = 2,$ **उत्तर**

$c = 3, \quad d = 4.$

**3.** यदि किसी आव्यूह में 18 अवयव हैं तो इसकी सम्भव कोटियाँ क्या हैं? यदि इसमें 5 अवयव हों तो क्या होगा?

**हल—** (i) 18 अवयवों वाले आव्यूह की कोटियाँ

$18 \times 1, 2 \times 9, 3 \times 6, 6 \times 3, 9 \times 2, 1 \times 18.$

(ii) 5 अवयवों वाले आव्यूह की कोटियाँ $1 \times 5, 5 \times 1$

---

**4)** सिद्ध कीजिये कि

$$\sec\theta\begin{bmatrix}\sec\theta & \tan\theta \\ -\tan\theta & \sec\theta\end{bmatrix} + \tan\theta\begin{bmatrix}-\tan\theta & -\sec\theta \\ \sec\theta & -\tan\theta\end{bmatrix} = I_2$$

**हल—** प्रश्नानुसार

$$\sec\theta\begin{bmatrix}\sec\theta & \tan\theta \\ -\tan\theta & \sec\theta\end{bmatrix} + \tan\theta\begin{bmatrix}-\tan\theta & -\sec\theta \\ \sec\theta & -\tan\theta\end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix}\sec^2\theta & \sec\theta\tan\theta \\ -\sec\theta\tan\theta & \sec^2\theta\end{bmatrix} + \begin{bmatrix}-\tan^2\theta & -\sec\theta\tan\theta \\ \tan\theta\sec\theta & -\tan^2\theta\end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix}\sec^2\theta - \tan^2\theta & \sec\theta\tan\theta - \sec\theta\tan\theta \\ -\sec\theta\tan\theta + \tan\theta\sec\theta & \sec^2\theta - \tan^2\theta\end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix}1 & 0 \\ 0 & 1\end{bmatrix} \quad \because \sec^2\theta - \tan^2\theta = 1$$

$= I_2 \because$ यह $2 \times 2$ क्रम का इकाई मैट्रिक्स है।

**5)** यदि $3\begin{bmatrix} x & y \\ z & w \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} x & 6 \\ -1 & 2w \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 4 & x+y \\ z+w & 3 \end{bmatrix}$ है तो $x, y, z$ तथा $w$ के मानों को ज्ञात कीजिए।

**हल—** प्रश्नानुसार $3\begin{bmatrix} x & y \\ z & w \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} x & 6 \\ -1 & 2w \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 4 & x+y \\ z+w & 3 \end{bmatrix}$

या $\begin{bmatrix} 3x & 3y \\ 3z & 3w \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} x+4 & x+y+6 \\ z+w-1 & 2w+3 \end{bmatrix}$

$3x = x + 4$ या $2x = 4 \quad \therefore x = 2$

$3y = x + y + 6$ या $2y = x + 6 = 2 + 6 = 8$

$\therefore \quad y = 4$ ($x$ का मान रखने पर)

$3w = 2w + 3$ या $w = 3$

$3z = z + w - 1$

या $2z = w - 1 = 3 - 1 = 2$ ($w$ का मान रखने पर)

$\therefore \quad z = 1$

अतः $x = 2, y = 4, z = 1, w = 3$. उत्तर

---

**6)** यदि $n = p$, तो आव्यूह $7X - 5Z$ की कोटि है—

(A) $p \times 2$

(B) $2 \times n$

(C) $n \times 3$

(D) $p \times n$.

**उत्तर—** (B)

**हल—**

X की कोटि $= 2 \times n$

Z की कोटि $= 2 \times p$

$\because \quad p = n$

अतः $7X - 5Z$ की कोटि $2 \times n$ है।

अतः सही विकल्प (B) है।

**7)** यदि $A' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$ हैं तो $(A + 2B)'$ ज्ञात कीजिए।

**हल—** $A' = \begin{bmatrix} -2 & 3 \\ 1 & 2 \end{bmatrix} \Rightarrow A = \begin{bmatrix} -2 & 1 \\ 3 & 2 \end{bmatrix}$ तथा

$$B = \begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$$

$$\therefore \quad A + 2B = \begin{bmatrix} -2 & 1 \\ 3 & 2 \end{bmatrix} + 2\begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 1 & 2 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} -2 & 1 \\ 3 & 2 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} -2 & 0 \\ 2 & 4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -2-2 & 1+0 \\ 3+2 & 2+4 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} -4 & 1 \\ 5 & 6 \end{bmatrix}$$

$$\therefore (A + 2B)' = \begin{bmatrix} -4 & 5 \\ 1 & 6 \end{bmatrix}$$ उत्तर

---

**8)** यदि A तथा B समान कोटि के सममित आव्यूह हैं तो AB – BA एक

(A) विषम सममित आव्यूह है (B) सममित आव्यूह है

(C) शून्य आव्यूह है (D) तत्समक आव्यूह है

**उत्तर—** (A)

**हल—** $\because$ A तथा B समान कोटि के सममित आव्यूह हैं

$$\therefore \quad A' = A$$
$$B' = B$$

तब $(AB - BA)' = (AB)' - (BA)'$

$$= B'A' - A'B'$$
$$= BA - AB$$
$$= -(AB - BA)$$

$\therefore$ AB – BA एक विषम सममित आव्यूह है।

अतः सही विकल्प (A) है।

9). $\begin{bmatrix} 2 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

**हल :** माना $A = \begin{bmatrix} 2 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

प्रारम्भिक संक्रिया के लिए,

$$A = IA$$

$$\therefore \quad \begin{bmatrix} 2 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_1 \to R_1 - R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 1 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to R_2 - R_1$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} A$$

अत: $A^{-1} = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix}$ $[\because I = A^{-1}A]$

10) $\begin{bmatrix} 3 & 1 \\ 5 & 2 \end{bmatrix}$

**हल :** माना $A = \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ 5 & 2 \end{bmatrix}$

प्रारम्भिक संक्रिया के लिए,

$$A = IA$$

$$\therefore \quad \begin{bmatrix} 3 & 1 \\ 5 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_1 \to 2R_1 - R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 5 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & -1 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to R_2 - 5R_1$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & -1 \\ -10 & 6 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to \frac{1}{2} R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 2 & -1 \\ -5 & 3 \end{bmatrix}$$

$\therefore \quad A^{-1} = \begin{bmatrix} 2 & -1 \\ -5 & 3 \end{bmatrix}$ $[\because I = A^{-1}A]$

**प्रश्न 11.** $\begin{bmatrix} 2 & -6 \\ 1 & -2 \end{bmatrix}$

**हल :** माना $A = \begin{bmatrix} 2 & -6 \\ 1 & -2 \end{bmatrix}$

प्रारम्भिक संक्रिया के लिए,

$$A = IA$$

$$\therefore \quad \begin{bmatrix} 2 & -6 \\ 1 & -2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_1 \to R_1 - R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & -4 \\ 1 & -2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to R_2 - R_1$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & -4 \\ 0 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & -1 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} A$$

$R_1 \to R_1 + 2R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 & 3 \\ -1 & 2 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to \frac{1}{2} R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} -1 & 3 \\ -1/2 & 1 \end{bmatrix} A$$

$$\therefore \quad A^{-1} = \begin{bmatrix} -1 & 3 \\ -1/2 & 1 \end{bmatrix} \qquad [\because I = A^{-1}A]$$

**प्रश्न 12.** $\begin{bmatrix} 6 & -3 \\ -2 & 1 \end{bmatrix}$

**हल :** माना $A = \begin{bmatrix} 6 & -3 \\ -2 & 1 \end{bmatrix}$

प्रारंभिक संक्रिया के लिए,

$$A = IA$$

$$\therefore \quad \begin{bmatrix} 6 & -3 \\ -2 & 1 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} A$$

$R_2 \to R_1 + 3R_2$ द्वारा

$$\begin{bmatrix} 6 & -3 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 1 & 3 \end{bmatrix} A$$

द्वितीय पंक्ति के सभी अवयव शून्य हैं।

अत: $A^{-1}$ का अस्तित्व नहीं है,

अर्थात् $A$ के व्युत्क्रम का अस्तित्व नहीं है।

**13)** यदि A तथा B सममित आव्यूह हैं तो सिद्ध कीजिए कि AB – BA एक विषम सममित आव्यूह है।

**हल—** A और B सममित आव्यूह हैं

$\therefore \quad A' = A$ तथा $B' = B$

$$(AB - BA)' = (AB)' - (BA)' \quad [\because (A \pm B)' = A' \pm B']$$

$$= B'A' - A'B' \quad [\because (AB)' = B'A']$$

$$= BA - AB \quad [B' = B, A' = A]$$

$$= -(AB - BA)$$

$\Rightarrow$ AB – BA एक विषम सममित आव्यूह है। ( **इतिसिद्धम्** )

**14)** $x$ के किस मान के लिए $[1 \quad 2 \quad 1]\begin{bmatrix}1 & 2 & 0\\ 2 & 0 & 1\\ 1 & 0 & 2\end{bmatrix}\begin{bmatrix}0\\ 2\\ x\end{bmatrix} =$ O है?

**हल—**

$$[1 \quad 2 \quad 1]\begin{bmatrix}1 & 2 & 0\\ 2 & 0 & 1\\ 1 & 0 & 2\end{bmatrix}\begin{bmatrix}0\\ 2\\ x\end{bmatrix} = O$$

या $$[1 \quad 2 \quad 1]\begin{bmatrix}0+4+0\\ 0+0+x\\ 0+0+2x\end{bmatrix} = O$$

या $$[1 \quad 2 \quad 1]\begin{bmatrix}4\\ x\\ 2x\end{bmatrix} = O$$

या $$[4 + 2x + 2x] = O = [0]$$

या $$4x + 4 = 0$$

या $$x = -1$$ उत्तर

**15.** यदि $2A + B = \begin{bmatrix}3 & -1\\ 2 & 4\end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix}-1 & -5\\ 0 & 2\end{bmatrix}$ तो A ज्ञात कीजिए।

**हल–** दिया गया है–

$$2A + B = \begin{bmatrix}3 & -1\\ 2 & 4\end{bmatrix}$$

B का मान रखने पर

$$2A + \begin{bmatrix}-1 & -5\\ 0 & 2\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}3 & -1\\ 2 & 4\end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \quad 2A = \begin{bmatrix}3 & -1\\ 2 & 4\end{bmatrix} - \begin{bmatrix}-1 & -5\\ 0 & 2\end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \quad 2A = \begin{bmatrix}3+1 & -1+5\\ 2-0 & 4-2\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}4 & 4\\ 2 & 2\end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \quad A = \frac{1}{2}\begin{bmatrix}4 & 4\\ 2 & 2\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}2 & 2\\ 1 & 1\end{bmatrix}$$ उत्तर

**16.** यदि $A = [1\ 2\ 3]$ तथा $B = \begin{bmatrix} 1 \\ 2 \\ 3 \end{bmatrix}$, तो $(AB)'$ ज्ञात कीजिए।

**हल–** $$AB = [1\ 2\ 3]_{1\times3} \begin{bmatrix} 1 \\ 2 \\ 3 \end{bmatrix}_{3\times1}$$

$$\Rightarrow \quad AB = [1 \times 1 + 2 \times 2 + 3 \times 3]_{1\times1} = [14]_{1\times1}$$

$\therefore \quad (AB)' = [14]_{1\times1}$ उत्तर

---

**17)** यदि $A = \begin{bmatrix} \sin^2\theta & \sec^2\theta \\ \text{cosec}^2\theta & \frac{1}{2} \end{bmatrix}$ तथा

$B = \begin{bmatrix} \cos^2\theta & -\tan^2\theta \\ -\cot^2\theta & \frac{1}{2} \end{bmatrix}$ हो, तो $A + B$ का मान होगा–

(A) $\begin{bmatrix} 1 & -1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$ (B) $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

(C) $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ (D) $\begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$

**उत्तर–** (D)

**हल–** $$A + B = \begin{bmatrix} \sin^2\theta & \sec^2\theta \\ \text{cosec}^2\theta & \frac{1}{2} \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} \cos^2\theta & -\tan^2\theta \\ -\cot^2\theta & \frac{1}{2} \end{bmatrix}$$

$$A + B = \begin{bmatrix} \sin^2\theta + \cos^2\theta & \sec^2\theta - \tan^2\theta \\ \text{cosec}^2\theta - \cot^2\theta & \frac{1}{2} + \frac{1}{2} \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 1 \\ 1 & 1 \end{bmatrix}$$

अतः सही विकल्प (D) है।

18) यदि $A = \begin{bmatrix} \alpha & \beta \\ \gamma & -\alpha \end{bmatrix}$ इस प्रकार है कि $A^2 = I$, तो

(A) $1 + \alpha^2 + \beta\gamma = 0$ (B) $1 - \alpha^2 + \beta\gamma = 0$

(C) $1 - \alpha^2 - \beta\gamma = 0$ (D) $1 + \alpha^2 - \beta\gamma = 0$

उत्तर— (C)

हल—

$$A^2 = I$$

$$A.A = I$$

$$\begin{bmatrix} \alpha & \beta \\ \gamma & -\alpha \end{bmatrix} \begin{bmatrix} \alpha & \beta \\ \gamma & -\alpha \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} \alpha^2 + \beta\gamma & \alpha\beta - \alpha\beta \\ \alpha\gamma - \alpha\gamma & \beta\gamma + \alpha^2 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \begin{bmatrix} \alpha^2 + \beta\gamma & 0 \\ 0 & \alpha^2 + \beta\gamma \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow \alpha^2 + \beta\gamma = 1 \Rightarrow 1 - \alpha^2 - \beta\gamma = 0$$

अतः सही विकल्प (C) है।

19) यदि $[x \quad -5 \quad -1] \begin{bmatrix} 1 & 0 & 2 \\ 0 & 2 & 1 \\ 2 & 0 & 3 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} x \\ 4 \\ 1 \end{bmatrix} = 0$ है तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।

हल— $$[x \quad -5 \quad -1] \begin{bmatrix} 1 & 0 & 2 \\ 0 & 2 & 1 \\ 2 & 0 & 3 \end{bmatrix} \begin{bmatrix} x \\ 4 \\ 1 \end{bmatrix} = 0$$

$$[x \quad -5 \quad -1] \begin{bmatrix} x + 0 + 2 \\ 0 + 8 + 1 \\ 2x + 0 + 3 \end{bmatrix} = 0$$

या $$[x \quad -5 \quad -1] \begin{bmatrix} x + 2 \\ 9 \\ 2x + 3 \end{bmatrix} = 0$$

या $$[x(x + 2) - 45 - (2x + 3)] = 0$$

$$(x^2 + 2x) - 45 - (2x + 3) = 0$$

या $$[x^2 - 48] = 0$$

या $$x^2 = 48 \Rightarrow x = \pm\sqrt{48}$$

$\therefore$ $$x = \pm 4\sqrt{3}$$ उत्तर

**20)** यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix}$, $A + A'$ ज्ञात कीजिए।

हल– दिया है $$A = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix}$$

तब $$A' = \begin{bmatrix} 1 & 6 \\ 5 & 7 \end{bmatrix}$$

$$\therefore \quad A + A' = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 1 & 6 \\ 5 & 7 \end{bmatrix}$$

$$= \begin{bmatrix} 1+1 & 5+6 \\ 6+5 & 7+7 \end{bmatrix} + \begin{bmatrix} 2 & 11 \\ 11 & 14 \end{bmatrix}$$ उत्तर

CBEC

**उत्तर—(B)**

**हल—**

$$f(x) = \int_0^x t \sin t \, dt,$$

$$\Rightarrow \quad f'(x) = x \sin x$$

अतः सही विकल्प (B) है।

---

**20).** $\int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \sin^5 x \, dx$ का मान ज्ञात कीजिये।

**हल—**यहाँ पर $f(x) = \sin^5 x$

$$\therefore \quad f(-x) = \sin^5(-x) = (-\sin x)^5$$

$$= -\sin^5(x) = -f(x)$$

$$\boxed{f(-x) = -f(x)}$$

अतः दिया गया फलन विषम फलन है। अतः गुणधर्म $P_6$ से

$$\int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \sin^5 x \, dx = 0 \text{ (शून्य)}$$

**21)**. $\int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{dx}{1+\sqrt{\tan x}}$ का मान ज्ञात कीजिये।

**(NCERT)**

हल— माना $I = \int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{dx}{1+\sqrt{\tan x}} dx$

$$= \int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{\sqrt{\cos x}}{\sqrt{\cos x}+\sqrt{\sin x}} dx \quad \ldots(1)$$

तब $$I = \int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{\sqrt{\cos\left(\frac{\pi}{3}+\frac{\pi}{6}-x\right)}}{\sqrt{\cos\left(\frac{\pi}{3}+\frac{\pi}{6}-x\right)}+\sqrt{\sin\left(\frac{\pi}{3}+\frac{\pi}{6}-x\right)}} dx$$

$$= \int_{\pi/6}^{\pi/3} \frac{\sqrt{\sin x}}{\sqrt{\sin x}+\sqrt{\cos x}} dx \quad \ldots(2)$$

समीकरण (1) व (2) को जोड़ने पर हम पाते हैं कि

$$2I = \int_{\pi/6}^{\pi/3} dx = [x]_{\pi/6}^{\pi/3} = \frac{\pi}{3}-\frac{\pi}{6} = \frac{\pi}{6}$$

$I = \frac{\pi}{12}$ उत्तर

**22)**. $\int \cos 6x\sqrt{1+\sin 6x}\, dx$ ज्ञात कीजिए।

हल— $t = 1 + \sin 6x$, रखने पर $dt = 6 \cos 6x\, dx \Rightarrow \cos 6x\, dx = \frac{1}{6} dt$

इसलिए

$$\int \cos 6x\sqrt{1+\sin 6x}\, dx = \int \frac{1}{6} t^{\frac{1}{2}} dt$$

$$= \frac{1}{6} \times \frac{2}{3} (t)^{\frac{3}{2}} + C$$

$$= \frac{1}{9} (1+\sin 6x)^{\frac{3}{2}} + C$$ उत्तर

**23)** हल करें $\int \frac{1}{\cos^4 x+\sin^4 x} dx$

**हल**—माना $I = \int \frac{1}{\cos^4 x+\sin^4 x} dx$

$$= \int \frac{\sec^4 x}{1+\tan^4 x} dx = \int \frac{\sec^2 x \,.\, \sec^2 x}{1+(\tan^2 x)^2} dx$$

$$= \int \frac{\sec^2 x\,(1+\tan^2 x)}{1+(\tan^2 x)^2} dx$$

$\tan x = t$ रखने पर $\sec^2 x\, dx = dt$

$$\therefore \quad I = \int \frac{1+t^2}{1+t^4} dt$$

$$= \int \frac{1+ 1/t^2}{t^2 + 1/t^2} dt$$

$$= \int \frac{1+ 1/t^2}{t^2 + 1/t^2 -2+2} dt$$

$$= \int \frac{1+\frac{1}{t^2}}{\left(t-\frac{1}{t}\right)^2 + \left(\sqrt{2}\right)^2} dt$$

पुनः $t-\frac{1}{t} = 4$ रखने पर $\left(1+\frac{1}{t^2}\right)dt = du$

तब $I = \int \frac{du}{(u)^2+\left(\sqrt{2}\right)^2} = \frac{1}{\sqrt{2}}\tan^{-1}\left(\frac{4}{\sqrt{2}}\right)+C$

$$= \frac{1}{\sqrt{2}}\tan^{-1}\left(\frac{t-\frac{1}{t}}{\sqrt{2}}\right)+C$$

$$= \frac{1}{\sqrt{2}}\tan^{-1}\left(\frac{t^2-1}{\sqrt{2}t}\right)+C$$

$$= \frac{1}{\sqrt{2}}\tan^{-1}\left(\frac{\tan^2 x-1}{\sqrt{2}\tan x}\right)+C$$ उत्तर

निम्नलिखित को सिद्ध कीजिए

**24)** $\int_1^3 \frac{dx}{x^2(x+1)} = \frac{2}{3} + \log\frac{2}{3}$

हल— माना कि $$I = \int_1^3 \frac{dx}{x^2(x+1)}$$

यहाँ $$\frac{1}{x^2(x+1)} = \frac{A}{x} + \frac{B}{x^2} + \frac{C}{x+1}$$

$\therefore$ $1 = Ax(x+1) + B(x+1) + Cx^2$

$x = 0$ रखने पर $1 = B \,.\, 1 \therefore B = 1$

$x = -1$ रखने पर $1 = C \,.\, (-1)^2 \therefore C = 1$

$x^2$ के गुणांकों की तुलना करने पर

$$0 = A + C \therefore A = -C = -1$$

$$\therefore \frac{1}{x^2(x+1)} = \frac{-1}{x} + \frac{1}{x^2} + \frac{1}{x+1}$$

$$\therefore \quad I = \int_1^3 \frac{1}{x^3(x+1)}\,dx$$

$$= \int_1^3 -\frac{1}{x}\,dx + \int_1^3 \frac{1}{x^2}\,dx + \int_1^3 \frac{1}{x+1}\,dx$$

$$= -(\log|x|)_1^3 + \left[-\frac{1}{x}\right]_1^3 + [\log|x+1|]_1^3$$

$$= (-\log 3 + \log 1) + \left(-\frac{1}{3} + \frac{1}{1}\right) + \log 4 - \log 2$$

$$= -\log 3 + \frac{2}{3} + 2\log 2 - \log 2$$

$$= \log 2 - \log 3 + \frac{2}{3} = \frac{2}{3} + \log\frac{2}{3}$$

( इतिसिद्धम् )

**1. दिखाइए कि फलन $y = A\cos x - B\sin x$, अवकल समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2} + y = 0$ का हल है।** [CBSE 2005 C, 06]

**हल :** दिया गया फलन

$$y = A\cos x - B\sin x \quad \ldots(1)$$

दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{dy}{dx} = -A\sin x - B\cos x \quad \ldots(2)$$

पुनः समीकरण (2) का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{d^2y}{dx^2} = -A\cos x - B(-\sin x)$$
$$= -A\cos x + B\sin x$$
$$= -(A\cos x - B\sin x)$$
$$= -y \quad \text{[समीकरण (1) से]}$$

या $$\frac{d^2y}{dx^2} + y = 0$$

अतः $y = A\cos x - B\sin x$ अवकल समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2} + y = 0$ का हल है। **उत्तर**

**2) दिखाइए कि फलन $y = e^{\tan^{-1}x}$ अवकल समीकरण $(1+x^2)\frac{dy}{dx} = y$ का हल है।**

**हल :** दिया गया फलन

$$y = e^{\tan^{-1}x} \quad \ldots(1)$$

समीकरण (1) के दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{dy}{dx} = e^{\tan^{-1}x} \times \frac{1}{(1+x^2)}$$

या $$(1+x^2)\frac{dy}{dx} = e^{\tan^{-1}x} = y \quad \text{[समीकरण (1) से]}$$

या $$(1+x^2)\frac{dy}{dx} = y$$

अतः फलन $y = e^{\tan^{-1}x}$ अवकल समीकरण $(1+x^2)\frac{dy}{dx} = y$ का हल है। **उत्तर**

**3) वक्रों के कुल $y^2 = a(b-x)(b+x)$ का अवकल समीकरण ज्ञात कीजिए।** **[CBSE 2004]**

**हल :** दिए हुए वक्र कुल का समीकरण

$$y^2 = a(b-x)(b+x)$$

या $$y^2 = a(b^2 - x^2) \quad ...(1)$$

समीकरण (1) का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$2y\frac{dy}{dx} = a(-2x)$$

या $$y\frac{dy}{dx} = -ax \quad ...(2)$$

समीकरण (2) का पुनः $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$y\frac{d^2y}{dx^2} + \left(\frac{dy}{dx}\right)^2 = -a \quad ...(3)$$

समीकरण (3) से $(-a)$ का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$y\frac{dy}{dx} = \left\{y\frac{d^2y}{dx^2} + \left(\frac{dy}{dx}\right)^2\right\}x$$

या $$xy\frac{d^2y}{dx^2} + x\left(\frac{dy}{dx}\right)^2 - y\frac{dy}{dx} = 0 \quad ...(4)$$

उत्तर

अतः समीकरण (4) अभीष्ट अवकल समीकरण है।

## 4. अवकल समीकरण

$$\frac{dy}{dx} = 1 - x + y - xy$$

**का व्यापक हल ज्ञात कीजिए।** **[CBSE 2000 C]**

**हल :** दिया गया अवकल समीकरण

$$\frac{dy}{dx} = 1 - x + y - xy \quad ...(1)$$

या $$\frac{dy}{dx} = (1 - x) + y(1 - x)$$

या $$\frac{dy}{dx} = (1 - x)(1 + y)$$

या $$\frac{dy}{1+y} = (1 - x)\, dx \quad ...(2)$$

समीकरण (2) के दोनों पक्षों का समाकलन करने पर,

$$\int \frac{dy}{1+y} = \int (1 - x)\, dx$$

या $$\log|1 + y| = x - \frac{x^2}{2} + C \quad ...(3)$$

समीकरण (3), समीकरण (1) का व्यापक हल है। **उत्तर**

5. अवकल समीकरण

$$x^2y\,dx - (x^3 + y^3)\,dy = 0$$

को हल कीजिए।

हल : दिया गया अवकल समीकरण

$$x^2y\,dx - (x^3 + y^3)\,dy = 0$$

या $$\frac{dy}{dx} = \frac{x^2y}{x^3 + y^3} \quad ...(1)$$

जो कि समघातीय है।

अब, $y = vx$ रखने पर

$$\frac{dy}{dx} = v + x\frac{dv}{dx} \quad ...(2)$$

समीकरण (1) तथा (2) से,

$$v + x\frac{dv}{dx} = \frac{vx^3}{x^3 + v^3x^3} = \frac{x^3v}{x^3(1+v^3)}$$

या $$v + x\frac{dv}{dx} = \frac{v}{1+v^3}$$

या $$x\frac{dv}{dx} = \frac{v}{1+v^3} - v$$

या $$x\frac{dv}{dx} = \frac{v - v - v^4}{1+v^3} = \frac{-v^4}{1+v^3}$$

या $$x\frac{dv}{dx} = -\frac{v^4}{1+v^3}$$

या $$\frac{1+v^3}{v^4}dv = -\frac{dx}{x}$$

दोनों पक्षों का समाकलन करने पर,

$$-\int\frac{1+v^3}{v^4}\,dv = \int\frac{dx}{x}$$

या $$-\int\frac{1}{v^4} - \int\frac{1}{v}\,dv = \int\frac{dx}{x}$$

या $$\frac{1}{3v^3} - \log v = \log x + \log C$$

या $$\frac{1}{3v^3} = \log v + \log x + \log C$$

या $$\frac{1}{3v^3} = \log(Cvx)$$

या $$\log(Cy) = \frac{x^3}{3y^3}$$

या $$Cy = e^{x^3/3y^3}$$

जो कि दी गई अवकल समीकरण का अभीष्ट हल है। उत्तर

**6. बिन्दु (0, 2) से गुजरने वाले उस वक्र का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसके बिन्दु $(x, y)$ पर स्पर्श रेखा की प्रवणता बिन्दु $(x, y)$ के $x$-निर्देशांक (भुज) तथा $y$-निर्देशांक (कोटि) के अन्तर के बराबर हो।**

**हल :** वक्र के बिन्दु $(x, y)$ पर स्पर्श रेखा की प्रवणता $\frac{dy}{dx}$ होती है।

प्रश्नानुसार, $\frac{dy}{dx} = x - y$

या $\frac{dy}{dx} + y = x$ ...(1)

समीकरण (1) की तुलना $\frac{dy}{dx} + Py = Q$ से करने पर,

$$P = 1, Q = x$$

$\therefore$ $\text{I.F.} = e^{\int 1\, dx} = e^x$

समीकरण (1) को $e^x$ से गुणा करने पर,

$$e^x \frac{dy}{dx} + ye^x = xe^x$$

या $\frac{d}{dx}(ye^x) = xe^x$

दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष समाकलन करने पर,

$$ye^x = \int xe^x\, dx$$

$$ye^x = x\int e^x\, dx - \int \left\{\frac{d}{dx}(x)\int e^x\, dx\right\} dx + C$$

$$= xe^x - \int 1\, e^x\, dx + C$$

या $y\, e^x = xe^x - e^x + C$ ...(2)

जो कि वक्र कुल (family of curves) का समीकरण है तथा बिन्दु (0, 2) से जाता है। अब समीकरण (2) में $x = 0$ तथा $y = 2$ रखने पर,

$$2e^0 = 0 \times e^0 - e^0 + C$$

या $2 = -1 + C$

या $C = 2 + 1 = 3$

$C$ का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$ye^x = e^x(x - 1) + 3$$

या $y = (x - 1) + 3e^{-x}$

जो कि वक्र का अभीष्ट समीकरण है। **उत्तर**

**प्रश्न 7.** $xy = \log y + C : y' = \frac{y^2}{1-xy}$ $(xy \neq 1)$

**हल :** दिया हुआ फलन

$$xy = \log y + C \quad \ldots(1)$$

समीकरण (1) के दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$x\frac{dy}{dx} + y = \frac{1}{y} \cdot \frac{dy}{dx}$$

या $$xy' + y = \frac{1}{y} \cdot y' \quad \left(\because \frac{dy}{dx} = y'\right)$$

या $$xyy' + y^2 = y'$$

या $$y^2 = y' - xyy'$$

या $$y^2 = y'(1 - xy)$$

या $$y' = \frac{y^2}{1-xy}$$

अतः दिया गया फलन $xy = \log y + C$, अवकल समीकरण

$y' = \frac{y^2}{1-xy}$ का हल है। **उत्तर**

**8. ऐसे परवलयों के कुल को निरूपित करने वाला अवकल समीकरण ज्ञात कीजिए जिनका शीर्ष मूल बिंदु पर है तथा जिनका अक्ष धनात्मक $x$-अक्ष की दिशा में है।**

**हल :** माना कि उपरोक्त चर्चित परवलयों के कुल को P से निर्दिष्ट किया जाता है और उस कुल के किसी सदस्य की नाभि $(a, 0)$ पर है जिसमें $a$ एक धनात्मक स्वेच्छ अचर है (आकृति देखिए)।

इसलिए कुल P का समीकरण है:

$$y^2 = 4ax \qquad \text{... (1)}$$




समीकरण (1) के दोनों पक्षों का $x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर

$$2y\frac{dy}{dx} = 4a \qquad \text{... (2)}$$

समीकरण (2) से $4a$ का मान समीकरण (1) में रखने पर

$$y^2 = \left(2y\frac{dy}{dx}\right)(x)$$

अथवा

$$y^2 - 2xy\frac{dy}{dx} = 0 \qquad \text{... (3)}$$

समीकरण (3) दिए हुए परवलयों के कुल का अवकल समीकरण है। **उत्तर**

**9. अवकल समीकरण**

$$(1-y^2)\frac{dx}{dy} + yx = ay \{-1 < y < 1\}$$

**का समाकलन गुणक है :**

(A) $\frac{1}{y^2-1}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{y^2-1}}$

(C) $\frac{1}{1-y^2}$ (D) $\frac{1}{\sqrt{1-y^2}}$

**हल :** दिया हुआ अवकल समीकरण

$$(1-y^2)\frac{dx}{dy} + yx = ay$$

या $$\frac{dx}{dy} + \frac{y}{1-y^2}x = \frac{ay}{1-y^2} \quad \ldots(1)$$

समीकरण (1) की तुलना $\frac{dx}{dy} + P_1 x = Q_1$ से करने पर

$$P_1 = \frac{y}{1-y^2}, \; Q_1 = \frac{ay}{1-y^2}$$

$$\therefore \quad \text{I.F.} = e^{\int \frac{y}{1-y^2} dy} = e^{-\frac{1}{2}\log(1-y^2)}$$

$$= e^{\log(1-y^2)^{-1/2}}$$

$$= (1-y^2)^{-1/2} = \frac{1}{\sqrt{1-y^2}}$$

$\therefore$ समाकलन गुणक

$$(\text{I.F.}) = \frac{1}{\sqrt{1-y^2}}$$

अतः विकल्प (D) सही है। **उत्तर**

उत्तर

**प्रश्न 10. अवकल समीकरण**

$$ye^{x/y}\,dx = (xe^{x/y} + y^2)dy \;(y \neq 0)$$

**का हल ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिया हुआ अवकल समीकरण

$$ye^{x/y}\,dx = (xe^{x/y} + y^2)\,dy$$

या $$ye^{x/y}\frac{dx}{dy} = xe^{x/y} + y^2$$

या $$e^{x/y}\left[y\frac{dx}{dy} - x\right] = y^2$$

या $$\frac{e^{x/y}\left[y\frac{dx}{dy} - x\right]}{y^2} = 1 \quad \ldots(1)$$

माना $$e^{x/y} = u$$

$y$ के सापेक्ष अवकलन करने पर,

$$\frac{e^{x/y}\left[y\frac{dx}{dy} - x.1\right]}{y^2} = \frac{du}{dy} \quad \ldots(2)$$

समीकरण (1) तथा (2) से,

$$\frac{du}{dy} = 1$$

या $$du = dy$$

समाकलन करने पर,

$$\int du = \int dy + C$$

या $$u = y + C$$

या $$e^{x/y} = y + C$$

उत्तर

जो कि अभीष्ट हल है।

**प्रश्न 11. निम्न अवकल समीकरण का व्यापक हल ज्ञात कीजिए।**

$$\frac{dy}{dx} = \frac{2x}{y^2}$$

**[RBSE 2017]**

**हल :** दिया है, $\frac{dy}{dx} = \frac{2x}{y^2}$

$\Rightarrow \quad y^2\,dy = 2x\,dx$

समाकलन करने पर,

$\Rightarrow \quad \int y^2 dy = \int 2x\,dx$

$\Rightarrow \quad \frac{y^3}{3} = x^2 + C$ **उत्तर**

**12.** अवकल समीकरण $2x^2 \frac{d^2y}{dx^2} - 3\frac{dy}{dx} + y = 0$ की कोटि है—

(A) 2 (B) 1

(C) 0 (D) परिभाषित नहीं है

उत्तर—(A)

हल—इस अवकल समीकरण में उपस्थित उच्चतम कोटि अवकलन $\frac{d^2y}{dx^2}$ है एवं $\frac{d^2y}{dx^2}$ की अधिकतम घातांक इकाई है एवं अवकल समीकरण की कोटि = 2 एवं घात = 1 है अर्थात् सही विकल्प (A) है।

13) अवकल समीकरण $\left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^3 + \left(\frac{dy}{dx}\right)^2 + \sin\left(\frac{dy}{dx}\right) + 1 = 0$ की घात है—

(A) 3 (B) 2

(C) 1 (D) परिभाषित नहीं है

उत्तर—(D)

हल— $\left(\frac{d^2y}{dx^2}\right)^3 + \left(\frac{dy}{dx}\right)^2 + \sin\left(\frac{dy}{dx}\right) + 1 = 0$

इस अवकल समीकरण में उपंस्थित उच्चतम कोटि अवकलन $\frac{d^2y}{dx^2}$ है एवं यह समीकरण $\frac{dy}{dx}$ में बहुपदीय नहीं है अतः इसकी कोटि 2 है एवं इसकी घात परिभाषित नहीं है अर्थात् सही विकल्प (D) है।

**14)** $y$-अक्ष को मूल बिन्दु पर स्पर्श करने वाले वृत्तों के कुल का अवकल समीकरण ज्ञात कीजिए।

**हल**— ऐसे वृत्त का समीकरण जो $y$-अक्ष पर मूल बिन्दु पर स्पर्श करता है और जिसकी त्रिज्या $a$ हो

उसका समीकरण होगा $(x-a)^2 + y^2 = a^2$

या $x^2 + y^2 - 2a\,x = 0$ ....(i)




$x$ के सापेक्ष अवकलन करने पर

$$2x + 2y\frac{dy}{dx} - 2a = 0$$

$\therefore$ $$a = x + y\frac{dy}{dx}$$

$a$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$x^2 + y^2 - 2x\left(x + y\frac{dy}{dx}\right) = 0$$

$$x^2 + y^2 - 2x^2 - 2xy\frac{dy}{dx} = 0$$

या $$2xy\frac{dy}{dx} + x^2 - y^2 = 0$$

$\Rightarrow$ $$2xy\,y' + x^2 = y^2$$ उत्तर

**15)** अवकल समीकरण $xy\frac{dy}{dx} = (x + 2)(y + 2)$ के लिए बिन्दु (1, – 1) से गुजरने वाला वक्र ज्ञात कीजिए।

**हल**— दिया है

$$xy\frac{dy}{dx} = (x + 2)(y + 2)$$

$x(y + 2)$ से भाग देने पर

$$\frac{y}{y+2}\frac{dy}{dx} = \frac{(x+2)}{x} \text{ या } \frac{y}{y+2}dy = \frac{x+2}{x}dx$$

समाकलन करने पर

$$\int\frac{y}{y+2}dy = \int\frac{x+2}{x}dx$$

या $$\int\frac{y+2-2}{y+2}dy = \int\left(1+\frac{2}{x}\right)dx$$

या $$\int\left(1-\frac{2}{y+2}\right)dy = \int\left(1+\frac{2}{x}\right)dx$$

$\therefore$ $$y - 2\log|(y + 2)| = x + 2\log|x| + C \quad ....(i)$$

यह वक्र (1 – 1) से गुजरता है अत:

$$-1 - 2\log 1 = 1 + 2\log 1 + C$$

$$\therefore C = -2$$

(i) में C का मान रखने पर

$$y - 2\log|(y + 2)| = x + 2\log|x| - 2$$

$$y = 2\log|(y + 2) + x + 2\log|x| - 2$$

$$= 2(\log|(y + 2)| + \log|x|) + x - 2$$

दिए हुए अवकल समीकरण का हल

$$y = x + 2\log x(y + 2) - 2$$

या $y - x + 2 = \log[x^2(y + 2)^2]$ उत्तर

**16.** $\frac{dx}{dy} = h\left(\frac{x}{y}\right)$ के रूप वाले समघातीय अवकल समीकरण को हल करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा प्रतिस्थापन किया जाता है—

(A) $y = vx$ (B) $v = yx$

(C) $x = vy$ (D) $x = v$

**उत्तर— (C)**

**हल—** $\frac{dx}{dy} = h\left(\frac{x}{y}\right)$ समघात अवकल समीकरण इसलिये $x = vy$ प्रतिस्थापन करना होगा।

अत: सही विकल्प (C) है।

---

**17)** $\frac{dy}{dx} + 2y \tan x = \sin x; y = 0$ यदि $x = \frac{\pi}{3}$

**हल—** प्रश्नानुसार अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx} + 2y \tan x = \sin x$

समीकरण $\frac{dy}{dx} + Py = Q$ से तुलना करने पर

यहाँ $P = 2 \tan x$ तथा $Q = \sin x$

$$\therefore \int P\,dx = 2\int \tan x\,dx = -2 \log \cos x$$

$$= \log (\cos x)^{-2} = \log \frac{1}{\cos^2 x}$$

$$= \log \sec^2 x$$

$$\text{I.F.} = e^{\int P\,dx} = e^{\log \sec^2 x} = \sec^2 x$$

अत: अवकल समीकरण का हल

$$y \times \text{I.F.} = \int Q \times \text{I.F.}\,dx + C$$

$$y \times \sec^2 x = \int \sin x \sec^2 x\,dx + C$$

$$= \int \sec x \tan x + C = \sec x + C$$

अब $x = \frac{\pi}{3}$ तथा $y = 0$ रखने पर

$$0 \times \sec^2 \frac{\pi}{3} = \sec\frac{\pi}{3} + C$$

$$0 = 2 + C \therefore C = -2$$

अत: अभीष्ट हल

$y \sec^2 x = \sec x - 2$ या $y = \cos x - 2\cos^2 x$ उत्तर

## अध्याय–8 सदि□ा

**1.** उत्तर से 30° पूर्व में 40 km के विस्थापन का आलेखीय निरूपण कीजिए।

**हल**— पैमाना 10 km को 1 cm मानकर 4 cm का एक रेखाखण्ड OP उत्तर की दायीं ओर उत्तर के साथ 30° का कोण बनाते हुये खींचा।




इस प्रकार सदिश $\overrightarrow{OP}$, उत्तर से 30° पूर्व में 40 km के विस्थापन को निरूपित करेगा। **उत्तर**

---

**2.** मान लीजिये $\vec{a} = \hat{i} + 2\hat{j}$ और $\vec{b} = 2\hat{i} + \hat{j}$ तब क्या $|\vec{a}| = |\vec{b}|$ है? क्या सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ समान हैं? **(NCERT)**

**हल**—
$$\vec{a} = \hat{i} + 2\hat{j}$$

$$\therefore \quad |\vec{a}| = \sqrt{(1)^2 + (2)^2} = \sqrt{1+4} = \sqrt{5}$$

$$\vec{b} = 2\hat{i} + \hat{j}$$

$$\therefore \quad |\vec{b}| = \sqrt{(2)^2 + (1)^2} = \sqrt{4+1} = \sqrt{5}$$

$$\Rightarrow \quad |\vec{a}| = |\vec{b}|.$$

सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ आपस में समान नहीं हैं चूँकि इनके संगत घटक समान नहीं हैं अर्थात् इनके संगत घटक भिन्न हैं।

3. समान दिशा वाले दो विभिन्न सदिश लिखिए।

हल— माना कि समान दिशा वाले दो सदिश $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$ तथा $\vec{b} = 3\hat{i} + 3\hat{j} + 3\hat{k}$ हैं।

$$\vec{a} \text{ के दिक्-कोसाइन} = \left(\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}\right)$$

$$\vec{b} \text{ के दिक्-कोसाइन} = \left(\frac{3}{\sqrt{27}}, \frac{3}{\sqrt{27}}, \frac{3}{\sqrt{27}}\right)$$

$$\text{या} \quad \left(\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}\right)$$

इस प्रकार $\vec{a}, \vec{b}$ एक ही दिशा में हैं परन्तु

$$|\vec{a}| = \sqrt{1^2 + 1^2 + 1^2} = \sqrt{3}$$

$$|\vec{b}| = \sqrt{3^2 + 3^2 + 3^2} = \sqrt{27} = 3\sqrt{3}$$

$$|\vec{a}| \neq |\vec{b}| \Rightarrow \vec{a} \neq \vec{b}$$

**4)** दर्शाइए कि सदिश $2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}$ और $-4\hat{i} + 6\hat{j} - 8\hat{k}$ संरेख हैं।

हल— माना कि $\vec{a} = 2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}$

तथा $\vec{b} = -4\hat{i} + 6\hat{j} - 8\hat{k}$

$$= -2(2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}) = -2\vec{a}$$

$$\Rightarrow \quad \vec{b} = -2\vec{a}$$

$\vec{a}$ और $\vec{b}$ संरेख हैं यानी $2\hat{i} - 3\hat{j} + 4\hat{k}$ और $-4\hat{i} + 6\hat{j} - 8\hat{k}$ संरेख हैं।

**5.** यदि दो सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ इस प्रकार हैं कि $|\vec{a}| = 2$, $|\vec{b}| = 3$ और $\vec{a} \cdot \vec{b} = 4$ तो $|\vec{a} - \vec{b}|$ ज्ञात कीजिए। **(NCERT)**

**हल**—हम पाते हैं कि

$$|\vec{a} - \vec{b}|^2 = (\vec{a} - \vec{b}) \cdot (\vec{a} - \vec{b})$$

$$= \vec{a} \cdot \vec{a} - \vec{a} \cdot \vec{b} - \vec{b} \cdot \vec{a} + \vec{b} \cdot \vec{b}$$

$$= |\vec{a}|^2 - 2(\vec{a} \cdot \vec{b}) + |\vec{b}|^2$$

$$[\because \vec{b} \cdot \vec{a} = \vec{a} \cdot \vec{b}]$$

मान रखने पर

$$= (2)^2 - 2(4) + (3) = 4 - 8 + 9 = 5$$

इसलिए $|\vec{a} - \vec{b}| = \sqrt{5}$

---

**6.** यदि $(\vec{a} + \vec{b}) \cdot (\vec{a} - \vec{b}) = 8$ और $|\vec{a}| = 8|\vec{b}|$ हो तो $|\vec{a}|$ एवं $|\vec{b}|$ ज्ञात कीजिए।

**हल**—प्रश्नानुसार $(\vec{a} + \vec{b}) \cdot (\vec{a} - \vec{b}) = 8$

$\Rightarrow$ $\vec{a} \cdot \vec{a} - \vec{a} \cdot \vec{b} + \vec{b} \cdot \vec{a} - \vec{b} \cdot \vec{b} = 8$

परन्तु $\vec{a} \cdot \vec{b} = \vec{b} \cdot \vec{a}$

$\therefore$ $\vec{a} \cdot \vec{a} - \vec{b} \cdot \vec{b} = 8$

या $|\vec{a}|^2 - |\vec{b}|^2 = 8$ $\quad \because a^2 = |\vec{a}|^2$

$64|\vec{b}|^2 - |\vec{b}|^2 = 8$ $\quad [\because |\vec{a}| = 8|\vec{b}|]$

$63|\vec{b}|^2 = 8$

$$|\vec{b}| = \sqrt{\frac{8}{63}} = \frac{2\sqrt{2}}{3\sqrt{7}}$$

$$|\vec{a}| = 8|\vec{b}|$$

$$= 8 \cdot \frac{2}{3}\sqrt{\frac{2}{7}} = \frac{16}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}$$

इस प्रकार $|\vec{a}| = \frac{16}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}$, $|\vec{b}| = \frac{|\vec{a}|}{8}$

$$= \frac{16}{8 \times 3}\sqrt{\frac{2}{7}} = \frac{2}{3}\sqrt{\frac{2}{7}}$$ उत्तर

**7)** यदि $\vec{a}=0$ अथवा $\vec{b}=0$, तब $\vec{a}.\vec{b}=0$ परन्तु विलोम का सत्य होना आवश्यक नहीं है। एक उदाहरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**हल**—प्रश्नानुसार स्पष्ट है जब $\vec{a}=0$ या $\vec{b}=0$ तब $\vec{a}.\vec{b}=0$ परन्तु यदि $\vec{a}.\vec{b}=0$ हो तो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ का शून्य होना आवश्यक नहीं है।

माना कि $\vec{a}=\hat{i}-2\hat{j}+k, \vec{b}=\hat{i}+3\hat{j}+5\hat{k}$

$$|\vec{a}|=\sqrt{1^2+(-2)^2+1^2}=\sqrt{1+4+1}=\sqrt{6}$$

$$|\vec{b}|=\sqrt{1^2+3^2+5^2}=\sqrt{1+9+25}=\sqrt{35}$$

$$\vec{a}\cdot\vec{b}=(\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k}).(\hat{i}+3\hat{j}+5\hat{k})$$

$$=1.1-2\times3+1\times5=1-6+5=0$$

अत: $\vec{a}\cdot\vec{b}=0$ परन्तु $\vec{a}\neq0, \vec{b}\neq0$

**8.** सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लिए सिद्ध कीजिये कि

$$(\vec{a}\times\vec{b})^2=\vec{a}^2\vec{b}^2-(\vec{a}\cdot\vec{b})^2$$

**हल**—माना सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण θ है।

तब $(\vec{a}\times\vec{b})^2=(\vec{a}\times\vec{b}).(\vec{a}\times\vec{b})$

$$=|\vec{a}\times\vec{b}|^2 \qquad [\because \vec{a}\cdot\vec{a}=|\vec{a}|^2]$$

$$=|ab\sin\theta\ \hat{n}|^2$$

जहाँ $\hat{n}$, सदिश $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ के समतल के लम्बवत् $\vec{a}$ से $\vec{b}$ की ओर वामावर्त क्रम (Counter clockwise) मात्रक सदिश में है।

$$\therefore (\vec{a}\times\vec{b})^2=a^2b^2\sin^2\theta \qquad \because (\hat{n})^2=1$$

$$=a^2b^2(1-\cos^2\theta)$$

$$=a^2b^2-a^2b^2\cos^2\theta$$

$$=a^2b^2-(ab\cos\theta)^2$$

$$=a^2b^2-(\vec{a}\cdot\vec{b})^2$$

$$=\vec{a}^2\vec{b}^2-(\vec{a}\cdot\vec{b})^2$$ (**इतिसिद्धम्**)

**9)** एक आयत के शीर्षों A, B, C और D जिसके स्थिति सदिश क्रमशः

$-\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}$, $\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}$, $\hat{i}-\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}$, $-\hat{i}-\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}$

हैं, का क्षेत्रफल है :

(A) $\frac{1}{2}$ (B) 1

(C) 2 (D) 4

उत्तर—(C)

हल— $\overrightarrow{AB}$ = B का स्थिति सदिश – A का स्थिति सदिश

$$= \left(\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}\right)-\left(-\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}\right)$$

$$= 2\hat{i}$$

और $\overrightarrow{AD}$ = D का स्थिति सदिश – A का सदिश का स्थिति सदिश

$$= \left(-\hat{i}-\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}\right)-\left(-\hat{i}+\frac{1}{2}\hat{j}+4\hat{k}\right)$$

$$= -\hat{j}$$

आयत का क्षेत्रफल

$$= |\overrightarrow{AB}| \times |\overrightarrow{AD}|$$

$$= \left(\sqrt{(2)^2+0^2+0^2}\right) \times \left(\sqrt{0^2+(-1)^2+0^2}\right)$$

$$= \sqrt{4} \times \sqrt{1} = 2 \times 1$$

= 2 वर्ग इकाई

अतः सही विकल्प (C) है।

**10)** यदि $\vec{a} = \vec{b} + \vec{c}$, तब क्या यह सत्य है कि $|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$ ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**हल**— प्रश्नानुसार $\vec{a} = \vec{b} + \vec{c}$

अब माना कि

$$|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

वर्ग करने पर

$$|\vec{a}|^2 = |\vec{b} + \vec{c}|^2 = (\vec{b} + \vec{c}) . (\vec{b} + \vec{c})$$

$$= \vec{b} . \vec{b} + \vec{b} . \vec{c} + \vec{c} . \vec{b} + \vec{c} . \vec{c}$$

$$= |\vec{b}|^2 + 2(\vec{b} . \vec{c}) + |\vec{c}|^2$$

$$\left(\because \vec{c} . \vec{b} = \vec{b} . \vec{c}, \vec{b} . \vec{b} = |\vec{b}|^2, \vec{c} . \vec{c} = |\vec{c}|^2\right)$$

$$= |\vec{b}|^2 + 2|\vec{b}||\vec{c}|\cos\theta + |\vec{c}|^2$$

जब $\theta$, $\vec{b}$ और $\vec{c}$ बीच का कोण है।

(i) यदि $\theta = 0, \cos 0 = 1$

$$|\vec{a}|^2 = |\vec{b}|^2 + 2|\vec{b}||\vec{c}| + |\vec{c}|^2 = (|\vec{b}| + |\vec{c}|)^2$$

$$\therefore \quad |\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

(ii) यदि $\theta \neq 0, \cos\theta \neq 1$

$$|\vec{a}|^2 \neq (|\vec{b}| + |\vec{c}|)^2$$

या $$|\vec{a}| \neq |\vec{b}| + |\vec{c}|$$

अत: यह आवश्यक नहीं है कि $|\vec{a}| = |\vec{b}| + |\vec{c}|$

**11)** $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k})+\hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k})+\hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$ का मान है—

(A) 0 (B) – 1 (C) 1 (D) 3

उत्तर—(C)

हल— $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k})+\hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k})+\hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$

$$= \hat{i}.(\hat{i})+\hat{j}.(-\hat{j})+\hat{k}.(\hat{k})$$

$$= |\hat{i}|^2-|\hat{j}|^2+|\hat{k}|^2$$

$$= 1^2-1^2+1^2 = 1-1+1 = 1$$

अतः सही विकल्प (C) है।

---

**12.** सदिश $\vec{a}=\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}$ तथा $\vec{b}=3\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}$ दोनों के लम्बवत एक ऐसा सदिश ज्ञात कीजिये, जिसका परिमाण $\sqrt{171}$ हो।

हल—दिया है $\vec{a}=\hat{i}+2\hat{j}-3\hat{k}$ तथा $\vec{b}=3\hat{i}-\hat{j}+2\hat{k}$

$$\vec{a}\times\vec{b}=\begin{vmatrix}\hat{i} & \hat{j} & \hat{k}\\ 1 & 2 & -3\\ 3 & -1 & 2\end{vmatrix}=\hat{i}\,(4-3)-\hat{j}\,(2+9)+\hat{k}\,(-1-6)$$

$$\therefore \vec{a}\times\vec{b}=\hat{i}-11\,\hat{j}-7\,\hat{k}$$

$(\vec{a}\times\vec{b})$ के लम्बवत इकाई सदिश

$$\hat{n}=\frac{\vec{a}\times\vec{b}}{|\vec{a}\times\vec{b}|}=\frac{\hat{i}-11\hat{j}-7\hat{k}}{\sqrt{1^2+(-11)^2+(-7)^2}}$$

$$\hat{n}=\frac{\hat{i}-11\hat{j}-7\hat{k}}{\sqrt{1+121+49}}=\frac{\hat{i}-11\hat{j}-7\hat{k}}{\sqrt{171}}$$

अतः $(\vec{a}\times\vec{b})$ के लम्बवत $\sqrt{171}$ इकाई परिमाण वाला सदिश

$$=\sqrt{171}\;\hat{n}$$

$$=\sqrt{171}\;\frac{-\hat{i}-11\hat{j}-7\hat{k}}{\sqrt{171}}=-\;\hat{i}-11\hat{j}-7\hat{k}$$ उत्तर

**13)** सदिश $\vec{a}$, $\vec{b}$ व $\vec{c}$ इस प्रकार से हैं कि $\vec{a}+\vec{b}+\vec{c}=0$ और $|\vec{a}|=3$, $|\vec{b}|=5$ एवं $|\vec{c}|=7$ तब $\vec{a}$ व $\vec{b}$ के बीच कोण ज्ञात कीजिए।

हल—
$$\vec{a}+\vec{b}+\vec{c} = 0$$
$$\Rightarrow \quad \vec{a}+\vec{b} = -\vec{c}$$
$$\Rightarrow \quad (\vec{a}+\vec{b}) = (-\vec{c})^2$$
$$\Rightarrow \quad (\vec{a}+\vec{b})\cdot(\vec{a}+\vec{c}) = (-\vec{c})\cdot(-\vec{c})$$
$$\Rightarrow \quad \vec{a}\cdot\vec{a}+\vec{a}\cdot\vec{b}+\vec{b}\cdot\vec{a}+\vec{b}\cdot\vec{c} = \vec{c}\cdot\vec{c}$$
$$\Rightarrow \quad |\vec{a}|^2+2\vec{a}\,.\,\vec{b}+|\vec{b}|^2 = |\vec{c}|^2$$
$$[\because \vec{a}\,.\,\vec{b}=\vec{b}\,.\,\vec{a}]$$
$$\Rightarrow \quad |\vec{a}|^2+2|\vec{a}||\vec{b}|\cos\theta+|\vec{b}|^2 = |\vec{c}|^2$$
$$\Rightarrow \quad (3)^2+2\,(3)(5)\cos\theta+(5)^2 = (7)^2$$
$$\Rightarrow \quad 9+30\cos\theta+25 = 49$$
$$\Rightarrow \quad \cos\theta = \frac{15}{30} = \frac{1}{2}$$
$$\Rightarrow \quad \theta = \frac{\pi}{3}$$

अतः $\vec{a}$ व $\vec{b}$ के बीच कोण $\frac{\pi}{3}$ है। उत्तर

**14)** उस समतल का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिन्दु $(a, b, c)$ से गुजरता है और यह समतल $\vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})=2$ के समान्तर है।

हल— चूँकि अभीष्ट समतल $\vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})=2$ के समान्तर है अतः अभीष्ट समतल का अभिलम्ब
$$\vec{n} = \hat{i}+\hat{j}+\hat{k} \qquad ....(1)$$
अतः इसका समीकरण
$$(\vec{r}-\vec{p}).\vec{n} = 0$$
$$\Rightarrow \quad \vec{r}\,.\,\vec{n} = \vec{p}\,.\,\vec{n}$$
$$\Rightarrow \quad \vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k}) = (a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k})\,.\,(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k})$$
$$\Rightarrow \quad \vec{r}.(\hat{i}+\hat{j}+\hat{k}) = a+b+c$$ उत्तर

# अध्याय–9 प्रायिकता

1) यदि $P(A) = 0.8$, $P(B) = 0.5$ और $P(B/A) = 0.4$ ज्ञात कीजिए—

(i) $P(A \cap B)$ (ii) $P(A/B)$

(iii) $P(A \cup B)$

हल—प्रश्नानुसार

$$P(A) = 0.8, P(B) = 0.5, P(B/A) = 0.4$$

(i) $\because P(B/A) = \dfrac{P(A \cap B)}{P(A)}$

अत:

$$P(A \cap B) = P(A) . P(B/A)$$

$$= 0.8 \times 0.4 = 0.32$$ उत्तर

(ii) $P(A/B) = \dfrac{P(A \cap B)}{P(B)} = \dfrac{0.32}{0.5} = \dfrac{32}{50} = \dfrac{16}{25}$

$$= 0.64$$ उत्तर

(iii) $P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

$$= 0.8 + 0.5 - 0.32$$

$$= 1.30 - 0.32 = 0.98$$ उत्तर

**2)** एक पासे को तीन बार उछाला गया है—

E : तीसरी उछाल पर संख्या 4 प्रकट होना।

F : पहली दो उछालों पर क्रमशः 6 तथा 5 प्रकट होना।

**हल**—एक पासे को 3 बार उछाला गया

$\therefore$ प्रतिदर्श समष्टि में $6 \times 6 \times 6 = 216$ परिणाम है।

E : तीसरी उछाल पर संख्या 4 प्रकट होती है।

= {(1, 1, 4), (1, 2, 4), (1, 3, 4), (1, 4, 4), (1, 5, 4), (1, 6, 4)
(2, 1, 4), (2, 2, 4), (2, 3, 4), (2, 4, 4), (2, 5, 4), (2, 6, 4)
(3, 1, 4), (3, 2, 4), (3, 3, 4), (3, 4, 4), (3, 5, 4), (3, 6, 4)
(4, 1, 4), (4, 2, 4), (4, 3, 4), (4, 4, 4), (4, 5, 4), (4, 6, 4)
(5, 1, 4), (5, 2, 4), (5, 3, 4), (5, 4, 4), (5, 5, 4), (5, 6, 4)
(6, 1, 4), (6, 2, 4), (6, 3, 4), (6, 4, 4), (6, 5, 4), (6, 6, 4)}

= 36 परिणाम

F = पहली दो उछालों पर क्रमशः 6 तथा 5 प्रकट होना

= (6, 5, 1), (6, 5, 2), (6, 5, 3), (6, 5, 4), (6, 5, 5), (6, 5, 6)

= 6 परिणाम

$$E \cap F = \{(6, 5, 4)\}$$

$$\therefore \quad P(E \cap F) = \frac{1}{216}, P(F) = \frac{6}{216}$$

अतः

$$P(E/F) = \frac{P(E \cap F)}{P(F)} = \frac{1}{216} \div \frac{6}{216}$$

$$= \frac{1}{6}$$ उत्तर

**3)** एक प्रशिक्षक के पास 300 सत्य/असत्य प्रकार के आसान प्रश्न, 200 सत्य/असंत्य प्रकार के कठिन प्रश्न, 500 बहु–विकल्पीय प्रकार के आसान प्रश्न और 400 बहु–विकल्पीय प्रकार के कठिन प्रश्नों का संग्रह है। यदि प्रश्नों के संग्रह से एक प्रश्न यादृच्छया चुना जाता है तो एक आसान प्रश्न की बहु–विकल्पीय होने की प्रायिकता क्या होगी?

**हल—** कुल प्रश्न $= 300 + 200 + 500 + 400 = 1400$

माना कि E : 'आसान प्रश्न' $\Rightarrow n(E) = 300 + 500 = 800$

F : 'बहु–विकल्पीय प्रश्न' $\Rightarrow n(F) = 500 + 400 = 900$

$\therefore$ $E \cap F$ : 'आसान बहु–विकल्पीय प्रश्न' $\Rightarrow n(E \cap F) = 500$

अब $$P\left(\frac{E}{F}\right) = \frac{P(E \cap F)}{P(F)} = \frac{500/1400}{900/1400}$$

$$= \frac{5}{9}$$ उत्तर

---

**4)** यह दिया गया है कि दो पासों को फेंकने पर प्राप्त संख्याएँ भिन्न–भिन्न हैं। दोनों संख्याओं का योग 4 होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

**हल—** दो पासों को फेंकने से प्रतिदर्श समष्टि के परिणाम $= 6 \times 6 = 36$ हैं।

मान लिया A = दो संख्याओं का योग 4 है

$$= \{(1, 3), (2, 2), (3, 1)\}$$

$$\Rightarrow n(A) = 3$$

दो पासों को फेंकने पर समान संख्या वाले परिणाम

$$= \{(1, 1), (2, 2), (3, 3), (4, 4), (5, 5), (6, 6)\}$$

B = जब संख्या भिन्न हो तो ऐसे परिणाम $= 36 - 6 = 30$

$$A \cap B = \{(1, 3), (3, 1)\} \Rightarrow n(A \cap F) = 2$$

$$P(A \cap B) = \frac{2}{36}, P(B) = \frac{30}{36}$$

अतः $$P(A/B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} = \frac{2}{36} \div \frac{30}{36} = \frac{2}{30}$$

$$= \frac{1}{15}$$ उत्तर

5) यदि $P(A) = \frac{1}{2}$, $P(B) = 0$, $P(A/B)$ है—

(A) 0 (B) $\frac{1}{2}$

(C) परिभाषित नहीं (D) 1

उत्तर—(C)

हल—$P(A|B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)}$

जोकि अपरिभाषित है जब $P(B) = 0$ या $B = \{\ \} = \phi$

अर्थात् विकल्प (C) सही है।

6) एक न्याय्य सिक्का और एक अभिनत पासे को उछाला गया। मान लें A घटना 'सिक्के पर चित प्रकट होता है' और B घटना 'पासे पर संख्या 3 प्रकट होती है' को निरूपित करते हैं। निरीक्षण कीजिए कि घटनाएँ A और B स्वतंत्र हैं या नहीं?

हल—जब सिक्का और पासा उछाला जाता है तो प्रतिदर्श समष्टि

$$S = \{(H, 1), (H, 2), (H, 3), (H, 4), (H, 5), (H, 6), (T, 1), (T, 2), (T, 3), (T, 4), (T, 5), (T, 6)\}$$

$\Rightarrow$ $n(S) = 12$

$$A = (H, 1), (H, 2), (H, 3), (H, 4), (H, 5), (H, 6)\}$$

$\Rightarrow$ $n(A) = 6$

तथा $B = \{(H, 3), (T, 3)\} \Rightarrow n(B) = 2$

$\therefore$ $A \cap B = \{(H, 3)\} \Rightarrow n(A \cap B) = 1$

अब $P(A) = \frac{6}{12} = \frac{1}{2}$, $P(B) = \frac{2}{12} = \frac{1}{6}$,

$$P(A \cap B) = \frac{1}{12}$$

$\therefore$ $P(A) \cdot P(B) = \frac{1}{2} \cdot \frac{1}{6} = \frac{1}{12} = P(A \cap B)$

$\therefore$ A, B स्वतंत्र हैं। उत्तर

**7)** मान लें E तथा F दो घटनाएँ इस प्रकार हैं कि $P(E) = \frac{3}{5}$, $P(F) = \frac{3}{10}$ और $P(E \cap F) = \frac{1}{5}$, तब क्या E तथा F स्वतन्त्र हैं?

**हल**— प्रश्नानुसार $P(E) = \frac{3}{5}$ तथा $P(F) = \frac{3}{10}$

$$\therefore \quad P(E) \times P(F) = \frac{3}{5} \times \frac{3}{10} = \frac{9}{50}$$

तथा $P(E \cap F) = \frac{1}{5}$

$$P(E \cap F) \neq P(E) \times P(F)$$

$\therefore$ E और F स्वतन्त्र नहीं हैं। **उत्तर**

**8.** मान लें A और B स्वतंत्र घटनाएँ हैं तथा $P(A) = 0.3$, और $P(B) = 0.4$, तब

(i) $P(A \cap B)$ (ii) $P(A \cup B)$

(iii) $P(A/B)$ (iv) $P(B/A)$ ज्ञात कीजिए।

**हल**— A और B स्वतंत्र घटनाएँ हैं तथा

प्रश्नानुसार

$$P(A) = 0.3, P(B) = 0.4$$

(i) $P(A \cap B) = P(A) \times P(B)$

$= 0.3 \times 0.4 = 0.12$ **उत्तर**

(ii) $P(A \cup B) = P(A) + P(B) - P(A \cap B)$

$= 0.3 + 0.4 - 0.12 = 0.7 - 0.12$

$= 0.58$ **उत्तर**

(iii) $P(A/B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} = \frac{0.12}{0.4} = \frac{12}{40}$

$= 0.3$ **उत्तर**

(iv) $P(B/A) = \frac{P(A \cap B)}{P(A)} = \frac{0.12}{0.3} = \frac{12}{30}$

$= 0.4$ **उत्तर**

9) यदि पासों का एक जोड़ा उछाला जाता है तो प्रत्येक पासे पर सम अभाज्य संख्या प्राप्त करने की प्रायिकता निम्नलिखित में से क्या है—

(A) 0 (B) $\frac{1}{3}$

(C) $\frac{1}{12}$ (D) $\frac{1}{36}$

उत्तर—(D)

हल— $n(S) = 6 \times 6 = 36$

घटना E : "प्रत्येक पासे पर सम अभाज्य संख्या है।"

इसलिए $E = \{(2,2)\}$

चूँकि मात्र 2 ही सम अभाज्य संख्या है।

$$\Rightarrow \quad P(E) = \frac{1}{36}$$

अत: सही विकल्प (D) है।

**10)** तीन सिक्के दिए गए हैं। एक सिक्के के दोनों ओर चित ही है। दूसरा सिक्का अभिनत है जिसमें चित 75% बार प्रकट होता है और तीसरा सिक्का अनभिनत है। तीनों में से एक सिक्के को यादृच्छया चुना गया और उसे उछाला गया है। यदि सिक्के पर चित प्रकट हो, तो क्या प्रायिकता है कि वह दोनों चित वाला सिक्का है?

**हल**—तीनों सिक्कों में से एक सिक्का चुनने की घटना

$E_1$ = पहला सिक्का चुना गया, $E_2$ = दूसरा सिक्का चुना गया, $E_3$ = तीसरा सिक्का चुना गया।

A = सिक्का उछालने पर चित का प्राप्त होना

तीन सिक्कों में से एक सिक्का चुना गया

अर्थात् $P(E_1) = \frac{1}{3}, P(E_2) = \frac{1}{3}, P(E_3) = \frac{1}{3}$

पहले सिक्के के दोनों ओर चित है तब प्रायिकता (सिक्का उछालने पर चित का प्राप्त होना जबकि पहला सिक्का उछाला गया) $= P(A/E_1) = 1$

दूसरा सिक्का इस प्रकार अनभिनत है कि

$$P(A/E_2) = 75\% = 0.75 = \frac{3}{4}$$

तीसरा सिक्का अनभिनत है $P(A/E_3) = \frac{1}{2}$

P(सिक्के पर चित हो और पहला सिक्का हो) तो

बेज़ प्रमेय से

$$P(E_1/A) = \frac{P(E_1)\,P(A/E_1)}{P(E_1)\,P(A/E_1) + P(E_2)\,P(A/E_2) + P(E_3)\,P(A/E_3)}$$

$$= \frac{\frac{1}{3}\times 1}{\frac{1}{3}\times 1 + \frac{1}{3}\times\frac{3}{4} + \frac{1}{3}\times\frac{1}{2}} = \frac{1}{1+\frac{3}{4}+\frac{1}{2}} = \frac{4}{4+3+2} = \frac{4}{9}$$ **उत्तर**

**11)** दो दल एक निगम के निदेशक मण्डल में स्थान पाने की प्रतिस्पर्द्धा में हैं। पहले तथा दूसरे दल के जीतने की प्रायिकताएँ क्रमश: 0.6 तथा 0.4 हैं। इसके अतिरिक्त यदि पहला दल जीतता है तो एक नए उत्पाद के प्रारम्भ होने की प्रायिकता 0.7 है और यदि दूसरा दल जीतता है तो इस बात की संगत प्रायिकता 0.3 है। इसकी प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि नया उत्पादन दूसरे दल द्वारा प्रारम्भ किया गया था।

**हल**—माना कि $E_1$ = पहले दल के जीतने की घटना

$E_2$ = दूसरे दल के जीतने की घटना

$E$ = एक नए उत्पाद का प्रारम्भ होना

$E/E_1$ = पहला दल नया उत्पाद प्रारम्भ करेगा।

$E/E_2$ = दूसरा दल नया उत्पाद प्रारम्भ करेगा।

$P(E_1) = 0.6,\qquad P(E_2) = 0.4$

$P(E/E_1) = 0.7\qquad P(E/E_2) = 0.3$

अब बेज़ प्रमेय से $\quad P(E_2/E) = P$

(नया उत्पाद दूसरे दल ने प्रारम्भ किया)

$$= \frac{P(E_2)\,P(E/E_2)}{P(E_2)\,P(E/E_2) + P(E_1)\,P(E/E_1)}$$

$$= \frac{0.4 \times 0.3}{0.4 \times 0.3 + 0.6 \times 0.7}$$

100 से अंश व हर को गुणा करने पर

$$P(E_2/E) = \frac{12}{12+42} = \frac{12}{54} = \frac{2}{9} \text{ उत्तर}$$

**12)** यदि A और B ऐसी घटनाएँ हैं कि $A \subset B$ तथा $P(B) \neq 0$, तो निम्न में से कौन ठीक है—

(A) $P(A/B) = \dfrac{P(B)}{P(A)}$

(B) $P(A/B) < P(A)$

(C) $P(A/B) \geq P(A)$

(D) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर—(C)**

**हल—** जब $A \subset B$ तब

$$A \cap B = A$$

अब $$P\left(\frac{A}{B}\right) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} = \frac{P(A)}{P(B)} \geq P(A)$$

$$\left(\because\ 0 < P(B) \leq 1,\ \frac{1}{P(B)} \geq 1\right)$$

अतः सही विकल्प (C) है।

**13)** एक सिक्का समसर्वय सन्तुलित नहीं है, जिसमें चित प्रकट होने की सम्भावना पट प्रकट होने की सम्भावना की तीन गुनी है। यदि सिक्का दो बार उछाला जाता है तो पटों की संख्या का प्रायिकता बंटन ज्ञात कीजिए।

**हल—** प्रश्नानुसार चित और पट आने की प्रायिकता का अनुपात

$$= 3 : 1$$

अर्थात् यदि पट $x$ बार आता है तो चित $3x$ बार आएगा।

$$\therefore\ P(H) = \frac{3x}{x + 3x} = \frac{3}{4} \text{ तथा } P(T) = 1 - \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$$

$$P(0) = P(\text{कोई पट नहीं}) = P(HH) = \frac{3}{4} \times \frac{3}{4} = \frac{9}{16}$$

$$P(1) = 2 \times \frac{3}{4} \times \frac{1}{4} = \frac{6}{16}$$

$$P(2) = \frac{1}{4} \times \frac{1}{4} = \frac{1}{16}$$

अतः पट का प्रायिकता बंटन इस प्रकार होगा—

| X | 0 | 1 | 2 |
|---|---|---|---|
| $P(x)$ | $\frac{9}{16}$ | $\frac{6}{16}$ | $\frac{1}{16}$ |

उत्तर

**14)** एक यादृच्छिक चर X का प्रायिकता फलन $P(x)$ निम्न प्रकार से है, जहाँ $x$ कोई संख्या है—

$$P(x) = \begin{cases} k \text{ यदि } x = 0 \\ 2k \text{ यदि } x = 1 \\ 3k \text{ यदि } x = 2 \\ 0 \text{ अन्यथा} \end{cases}$$

(a) $k$ का मान ज्ञात कीजिए।

(b) $P(X < 2), P(X \leq 2), P(X \geq 2)$ ज्ञात कीजिए।

**हल**—(a) प्रायिकताओं का योगफल $= \Sigma P(X) = 1$

$\therefore \quad k + 2k + 3k + 0 = 1$ या $6k = 1$

या $\quad k = \frac{1}{6}$ उत्तर

(b) (i) $P(X < 2) = P(0) + P(1) = \frac{1}{6} + \frac{2}{6} = \frac{3}{6}$

$= \frac{1}{2}$ उत्तर

(ii) $P(X \leq 2) = P(0) + P(1) + P(2)$

$= \frac{1}{6} + \frac{2}{6} + \frac{3}{6} = \frac{6}{6} = 1$ उत्तर

15. एक इलेक्ट्रॉनिक एसेंबली के दो सहायक निकाय A और B हैं। पूर्ववर्ती निरीक्षण द्वारा निम्न प्रायिकताएँ ज्ञात हैं :

P(A के असफल होने की) = 0.2

P(B के अकेले असफंल होने की) = 0.15

P(A और B के असफल होने की) = 0.15

तो निम्न प्रायिकताएँ ज्ञात कीजिए :

(i) P(A असफल/B असफल हो चुकी हो)

(ii) P(A के अकेले असफल होने की)।

**हल**—माना कि घटना A और B के असफल होने को A, B से व्यक्त किया गया है।

प्रश्नानुसार $P(A) = 0.2$

P(A और B का असफल होना)

$$= P(A \cap B) = 0.15$$

P(B के अकेले असफल होना)

$$= P(B) - P(A \cap B)$$
$$= 0.15$$

या $P(B) - 0.15 = 0.15$

$\therefore$ $P(B) = 0.15 + 0.15 = 0.30$

अत: $P(A/B) = \dfrac{P(A \cap B)}{P(B)} = \dfrac{0.15}{0.30}$

$= \dfrac{1}{2} = 0.5$ **उत्तर**

P(A अकेले असफल होता है)

= P(A अकेले ही)

$= P(A) - P(A \cap B)$

$= 0.2 - 0.15 = 0.05$ **उत्तर**